

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,मंगलवार 14 फरवरी,2023 वर्ष—07 / अंक—273 प्रष्ठ—08 / मूल्य—2 रूपये


## पीएम मोदी ने त्रिपुरा में भरी हुंकार बोले— वामपंथियों ने लोगों को गुलम समझ लिया था



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के स्वामी विवेकानंद मैदान में एक जनसभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और वामपंथियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वामपंथियों के राज में त्रिपुरा विनाश के राह पर था। उन्होंने लोगों को गुलाम समझ लिया था। दफ्तरों और थानों पर काडरों का राज था। लेफ्ट—कांग्रेस कभी विकास कार्य नहीं कर सकते। इसलिए त्रिपुरा के लोगों ने डबल इंजन की सरकार को चुनने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस चुनाव में मुझे जहां भी जाने का अवसर मिला है मैंने देखा है कि फिर एक बार भाजपा की सरकार बनाने का मन त्रिपुरा के लोगों ने बना लिया है। डबल इंजन की सरकार के लिए आपका समर्थन देखकर मेरी खुशी भी डबल हो गई है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के युवाओं, माता—बहनों ने चंदा की कंपनी वालों को फिर से श्रेड कार्डश दिखा दिया है। त्रिपुरा के लोगों ने ऐलान कर दिया है, उन्हें सबका साथ, सबका विकास वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के पक्ष में माहौल इसलिए है क्योंकि त्रिपुरा के लोगों को विकास आंखों के सामने दिख रहा है। त्रिपुरा में आज कोई ऐसा परिवार नहीं है जिसकी भाजपा सरकार ने आगे बढ़कर सेवा ना की हो ।पीएम मोदी ने कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून व्यवस्था का राज। वामपंथी शासन ने त्रिपुरा को विनाश के रास्ते पर धकेल दिया था। यहां जो हाल थे उसे त्रिपुरा के लोग कभी भी भूल नहीं सकते। वामपंथियों ने त्रिपुरा के लोगों को अपना गुलाम समझ लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 30 साल तक वामपंथी यहां रहें, तब चुनाव के 2—3 महीने पहले हत्या जैसी खबरें आ रही थीं। वे समय था जब एक ही पार्टी के झंडे हर तरफ दिखते थे, किसी और को अनुमति नहीं थी और किसी ने झंडा लगया तो शाम को डंडा आया। हमने रेड सिग्नल हटा कर भाजपा का डबल इंजन लगाया है। वामपंथी और कांग्रेस अपनी सत्ता की भूख मिटाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। केरल में कांग्रेस और वामपंथी में लड़ाई चल रही है और त्रिपुरा में दोस्ती कर रहे हैं।

## पुलिस ने नशीले पाउडर के साथ पकड़ा , की कार्रवाई

कन्नौज। कन्नौज पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन पर चलाये जा रहे अपराध व अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान के क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को नशीले पाउडर के साथ धर दबोच लिया। कन्नौज तालग्राम थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीले पाउडर के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बबलू पुत्र रामप्रकाश निवासी बजरिया शेखाना थाना कन्नौज को नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की।



## मुंबई के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर राजेश पवार का निधन

मुंबई । प्रेस फोटोग्राफर राजेश पवार ( 50 ) का मुंबई के जसलोक हॉस्पिटल में अल्पशरू बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। अपने पीछे वे माता, बहन और पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

शनिवार को श्री पवार के निधन की खबर फैलते ही मीडिया जगत के इनसे परिचित सभी पत्रकार और प्रेस फोटोग्राफर सन्न रह गए। न्यूज पोर्टल चमद —द—समदे के संपादक अमित मिश्रा, सिने सृष्टि के संपादक दिलीप यादव, प्रेस फोटोग्राफर सुजीत केदारे, बाबा लोंढे, अर्जुन कांबले तथा रावसाहब दाभाड़े ने श्री पवार के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



## पीएम मोदी ने लड़ाकू विमानों की जानकारी ली पड़ोसी देशों के प्रतिनिधियों से मिले राजनाथ



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य देश में एक जीवंत और विश्व स्तरीय रक्षा निर्माण उद्योग का पोषण करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, हमारी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में दूरगामी सुधार के उपाय किए हैं, जिसका उद्देश्य व्यापार के अनुकूल माहौल बनाना है। ये प्रमुख सुधार हमारी रक्षा अनुसंधान, विकास, उत्पादन और खरीद नीतियों के लगभग हर पहलू पर खड़े होते हैं।

बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 के ब्म् राउंडटेबल कॉन्क्लेव में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और एक रोमांचक भविष्य की ओर अग्रसर है। हमें उम्मीद है कि अगले 5 साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योग हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालकों में से एक है।

सेना प्रमुख मनोज पांडे ने क्या कहा?

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा, विशिष्टताओं में जाए बिना हम श्मेक इन इंडियाश या श्आत्मनिर्भर भारतश के माध्यम से अपनी सैन्य सैन्य क्षमताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को देख रहे हैं। जनरल पांडे ने कहा, यदि टैंकों के कवच को देखें तो हम भविष्य के लिए तैयार टैंक की तलाश कर रहे हैं जिसे हम रात के लिए भी सक्षम बनाना चाहते हैं। वहां भी हम बेहतर सुरक्षा और बेहतर स्थितिजन्य जागरूकता देख रहे हैं।

सेना प्रमुख जनरल पांडे ने कहा, तोपखाने के मामले में हम एक माउंटेड गन से शुरू होने वाली क्षमता की एक श्रृंखला को देख रहे हैं, सटीकता में सुधार कर रहे हैं, बहुत लंबी दूरी पर लक्ष्य को निशाना बनाने में सुधार कर रहे हैं और रणनीतिक रूप से हमारे तोपखाने को एक सेक्टर से दूसरे क्षेत्र में उठाने की हमारी क्षमता को भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक काम प्रगति पर है। एक समय रेखा निर्धारित करना मुश्किल है, लेकिन नागरिक रक्षा उद्योग में जिस तरह का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है, उत्साह और क्षमता है, मुझे यकीन है कि अगले 8—10 वर्षों में, हम अपने स्वदेशी समाधानों के साथ भविष्य के युद्ध लड़ने में सक्षम होंगे।

एयरो इंडिया शो में दो अमेरिकी एफ—35 शामिल

श्एयरो इंडियाश शो में पहली बार दो अमेरिकी एफ—35 लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं। अमेरिकी दल में एफ—16 और एफ—18 लड़ाकू विमान भी शामिल हैं, जिनकी भारतीय सशस्त्र बलों के लिए विभिन्न आवश्यकताओं के लिए पेशकश की गई है।

नेपाल—बांग्लादेश—श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल से मिले राजनाथ सिंह

एयरो इंडिया शो से इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी, नेपाल के रक्षा मंत्री हरी प्रसाद उप्रेती और श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिता बंडारा से मुलाकात की।

बेंगलुरुरू नेपाल के रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ सिंह

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया शो में हिस्सा लेने आए नेपाल के रक्षा मंत्री हरी प्रसाद से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत—नेपाल के रिश्तों को और मजबूत करने के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने की बात कही।

येलहंका में एयर शो जारी

कर्नाटकरू बेंगलुरू में येलहंका के वायु सेना स्टेशन में एयरो इंडिया 2023 के 14वां संस्करण चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य उपस्थित हैं।

अमृतकाल का भारत फाइटर पायलट की तरह

पीएम मोदी ने कहा, श्अमृतकालश का भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसको ऊंचाइयां छूने से डर नहीं लगता। जो सबसे ऊंची उड़ान भरने के लिए उत्साहित है। आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है। एक बात और, भारत की रफ्तार चाहे जितनी तेज हो लेकिन वो हमेशा जमीन से भी जुड़ा रहता है।

श21वीं सदी का नया भारत कोई मौका नहीं खोएगा

श्आज भारत की संभावनाओं और सामर्थ्य का प्रमाण हमारी सफलताएं दे रही हैं। आकाश में गर्जना करते तेजस विमान श्मेक इन इंडियाश की सफलता का प्रमाण है। 21वीं सदी का नया भारत अब ना कोई मौका खोएगा और ना ही अपनी मेहनत में कोई कसर छोड़ेगा। हम कमर कस चुके हैं। भारत ने बीते 8—9 साल में अपने यहां डिफेंस के क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है।

## महिला का हत्यारोपी 36 घण्टे मे गिरफ्तार



बांदा। विगत दो दिन पूर्व हुयी महिला की हत्या का पुलिस ने अनावरण कर दिया है। और हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबरों के मुताबिक बीती 10 फरवरी को बछेउरा गांव की रहने वाली अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। जिस संबंध मे थाना तिंदवारी मे अभियोग पंजीकृत कर मामले की छानबीन की जा रही थी। गहन जांच और संदिग्धों से कड़ाई से पूंछताछ की गयी। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी नगर अंबुजा त्रिवेदी के कुशल निर्देशन मे पुलिस द्वारा कड़ाई से पूंछताछ के दौरान अभियुक्त मुकेश प्रसाद निवासी बछेउरा थाना तिंदवारी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र जियालाल ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी व उसी की साड़ी के पल्लू से उसका गला कस दिया और दोनो हांथ बांध दिए, किसी को शक न हो इसके लिए गांव मे अफवाह फैला दी कि दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार महिला से गाली गलौज करते हुए भाग गये। पुलिस ने धारा 302 के तहत अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, हेड कां0 कन्हैयालाल, कां0 अजय यादव व अखिलेश यादव मौजूद रहे।

## दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में सांसद गौतम गंभीर का आगमन कल




दिल्ली विश्वविद्यालय एवं कॉलेज परिषद के प्रधान महेश कौशिक ने मीडिया को बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस के रामजस कॉलेज में दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेज के कर्मचारियों के द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एवं बीजेपी के सांसद गौतम गंभीर के सम्मान में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजस कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज खन्ना जी करेंगे ।विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली विश्व विद्यालय के कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता जी शामिल हो रहे है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में प्रधान महेश कौशिक जी, केंद्रीय महामंत्री मनोज त्यागी,उपप्रधान अतुल भारद्वाज, मंत्री बालकिशन (बाली),उपाध्यक्ष रणवीर सिंह अनीता शर्मा,नीता नारंग,महामंत्री अतलेस कुमार तवर,रवि छिकारा,कृष्ण कुमार,सुरेश कुमार,कोषाध्यक्ष चितरंजन झा , सह कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश,विजय कुमार,प्रचार मंत्री दुष्यंत शर्मा,सुभाष सहरावत,कुशलपाल,कुलदीप राही,अंशु मुदगल, एवं दिल्ली विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी परिषद के संयोजक की मौजूदगी रहेगी।

## सराहनीय सामाजिक सेवाओं के लिए डॉ मंजू लोढ़ा को मिला वूमेन आइकोंजा अवार्ड




मुंबई। टाईम्स एप्लाइड द्वारा ऑर्किड होटल विले पार्ले पूर्व के चेंबर हॉल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में,लोढ़ा फाउंडेशन की चेयरमैन तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा को वूमेन आइकोंजा अवार्डदृ 2023 प्रदान किया गया। डॉ लोढ़ा को यह सम्मान को उनकी सामाजिक सेवाओं और साहित्यिक गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया। खासकर आदिवासी और पिछड़े इलाकों में उनके द्वारा किए गए सामाजिक सेवाओं को देखते हुए उनको पुरस्कृत किया गया। डॉ मंजू लोढ़ा ने कार्यक्रम के आयोजकों को ध न्यवाद देते हुए कहा कि उनकी सामाजिक और साहित्यिक सेवाएं अनवरत जारी रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल और डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा उपस्थित रहीं। डॉ मंजू लोढ़ा के हाथों अनेक लोगों को सम्मानित किया गया।

# महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने तथा प्रयागराज को विभिन्न स्थानों से जोड़ने वाली सड़कों के विकास के दृष्टिगत प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

रायबरेली से प्रयागराज की सड़क का विकास दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में चार जगहों (जगतपुर, बाबूगंज, ऊचाहार, अलापुर ) पर ग्रीन फील्ड बाईपास सृजित किया जा रहा है। प्रथम चरण के सभी कार्य नवम्बर, 2024 तक पूर्ण किये जाने की सम्भावना है।

द्वितीय चरण में 8.5 कि०मी० के दो लेन को फोर लेन में उच्चीकृत किया जा रहा है। 15 अप्रैल, 2023 तक कार्य एवार्ड कर दिया जाएगा तथा दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण होने की सम्भवना है।

लखनऊ एवं कानपुर, दोनों ही रूट पर चौड़ीकरण एवं फोरलेन का कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात 200 किलोमीटर की दूरी लगभग 2.5 से 3 घंटे में पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है। प्रयागराज में बनाए जा रहे 6 लेन बृज संबंधित कार्यों पर चर्चा करते हुए स्टैंडली रोड पर ब्रिज की लैंडिंग को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जनपद की ट्रैफिक संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) से संपर्क किया जा रहा है। प्रस्तावित रिंग रोड का कुल 65 किमी0 के एलाइनमेन्ट का अनुमोदन किया गया है तथा इसे दो चरणों में बनाने का निर्णय लिया गया है।

महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने तथा प्रयागराज को विभिन्न स्थानों से जोड़ने वाली सड़कों के विकास के दृष्टिगत प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, श्री नरेंद्र भूषण की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रयागराज को लखनऊ, कानपुर एवं वाराणसी से जोड़ने हेतु आवश्यक चर्चा की गई।

सर्वप्रथम प्रयागराज – रायबरेली– लखनऊ मार्ग को फोर लेन करने के दृष्टिगत बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि लखनऊ–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग दो सेक्शन में विभक्त है, जिसमें लखनऊ से रायबरेली (70 कि०मी०) तथा रायबरेली से प्रयागराज ( 106 कि0मी0) शामिल है। उन्होंने अवगत कराया कि लखनऊ से रायबरेली तक 4 लेन का कार्य बिल्ड–ऑपरेट– ट्रांसफर (बी ओ टी) आधार पर पूर्ण हो चुका है और ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस के स्तर पर है।

रायबरेली से प्रयागराज (106 कि0मी0) की सड़क के विकास के दृष्टिगत उन्होंने बताया कि इसे दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में चार जगहों (जगतपुर, बाबूगंज, ऊचाहार, अलापुर ) पर ग्रीन फील्ड बाईपास सृजित किया जा रहा है। सई नदी पर एक पुल का भी निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण के सभी कार्य नवम्बर, 2024 तक पूर्ण किये जाने की सम्भावना है।

द्वितीय चरण में 8.5 कि०मी० के दो लेन को फोर लेन में उच्चीकृत किया जा रहा है। इस कार्य हेतु निविदा 19 जनवरी को प्राप्त हो चुकी है, जो मूल्यांकन के स्तर पर है। कार्य 31 मार्च, 2023 तक एवार्ड हो जाएगा तथा मार्च, 2024 तक पूर्ण होने की सम्भवना है। शेष 63 कि०मी० हेतु निविदा आमन्त्रित की गयी है, जो मार्च, 2023 तक प्राप्त कर ली जाएगी। 15 अप्रैल, 2023 तक कार्य एवार्ड कर दिया जाएगा तथा दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण होने की सम्भवना है। इसी क्रम में मंडलायुक्त ने प्रयागराज से कानपुर रूट पर फतेहपुर से कानपुर तक किए जा रहे फोरलेन रोड के निर्माण की प्रगति धीमी होने की बात कही गई जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि इसे अति शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। लखनऊ एवं कानपुर, दोनों ही रूट पर चौड़ीकरण एवं फोरलेन का कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात 200 किलोमीटर की दूरी लगभग 2.5 से 3 घंटे में पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है।

प्रयागराज में बनाए जा रहे 6 लेन बृज संबंधित कार्यों पर चर्चा करते हुए मंडलायुक्त ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि स्टैंडली रोड पर ब्रिज की लैंडिंग को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जनपद की ट्रैफिक संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) से संपर्क किया जा रहा है।

प्रयागराज में प्रस्तावित रिंग रोड के बारे में चर्चा करते हुए यह अवगत कराया गया की कुल 65 किमी0 के एलाइनमेन्ट का अनुमोदन किया गया है तथा इसे दो चरणों में बनाने का भी निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में सहसों से दोंदूपुर तक कुल 29.5 किमी0 का निर्माण किया जाना है, जिसका डी.पी.आर. कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के प्रथम चरण को निम्नवत् तीन पैकेज में विभक्त किया गया है। पैकेज–1 के अंतर्गत ग्राम दादूपुर (रीवा रोड) से ग्राम महुआरी (मिर्जापुर रोड ) लम्बाई 7.6 किमी० का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। पैकेज –2 के अंतर्गत ग्राम महुआरी (मिर्जापुर रोड) से ग्राम नवाबा उर्फ नीबीकला उपरहार लम्बाई 7.6 किमी० का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है तथा पैकेज –3 के अंतर्गत ग्राम नवाबा उर्फ नीबीकला उपरहार से ग्राम खुदायपुर कसगांव (एन0एच0–16 ) लम्बाई 14.763 किमी0 का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

# संवैधानिक वर्णव्यवस्था के खिलाफ सनातनियों की बड़ी बैठक

अम्बेडकरनगर – संवैधानिक वर्णव्यवस्था के अनुसार सनातनियों का जातीय विभाजन अनुचित और कि स्वामीप्रसाद मौर्य जैसे नवबौद्धिष्टों द्वारा हिन्दू साधु–संतों व धर्म ग्रंथों पर अभद्र टिप्पणियों के खिलाफ सनातन हिंदुओं की एक वृहद बैठक आज गिरैया बाजार में सम्पन्न हुई ।बैठक की अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ,अम्बेडकर के पूर्व जिलामंत्री ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने की। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों सपा नेता स्वामीप्रसाद मौर्य द्वारा ब्राह्मणों, श्रीरामचरितमानस व हिन्दू साधु–संतों पर अमर्यादित बयान दिए जाने औरकि सपा सुप्रीमों द्वारा उन्हें अबतक दल से बाहर न किये जाने से खफा ब्राह्मण,क्षत्रिय तथा समस्त सनातन धर्मावलंबियों में व्यापक रोष है ।जिसके क्रम में आज की बैठक बुलायी गयी थी। दिलचस्प बात यह है कि उक्त बैठक में भाजपा,सपा,बसपा,आएएसएस सहित अनेक दलों व संगठनों के प्रतिनिधि न केवल उपस्थित रहे अपितु सभी लोगों ने श्रीरामचरितमानस व साधु–संतों में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नवबौद्धिष्टों के प्रतिकार का संकल्प भी लिया ।आज की यह बैठक इस लिहाज से भी काफी महत्त्वपूर्ण है।


## विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# कृषक उत्पादक संगठन, कृषि में वित्तीय समावेश, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड फसली ऋण, नाबार्ड एवं बैंकों की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

आज दिनांक 13.02.2023 को अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान आलोपीबांग परिसर में 09 दिवसीय विराट किसान मेला 2023 के छठवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती गीता पासी, मा0 विधायक सोरांव, प्रयागराज एवं श्री प्रभा शंकर पाण्डेय, पूर्व विधायक द्वारा प्रतिभाग किया गया। श्री विनोद कुमार, उप कृषि निदेशक प्रयागराज, श्री अनिल कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधन, बैंक आफ बड़ौदा, श्री मुकेश कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, एवं डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक शुआट्स नैनी, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक शुआट्स नैनी, डा0 शिशिर कुमार द्विवेदी, डा0 डी0एस0 चौहान, अजय कुमार, कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 नैनी, डा0 एम0पी0 सिंह वैज्ञानिक के0वी0के0 छाता आदि उपस्थित रहे।

उप कृषि निदेशक, प्रयागराज द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कृषक उत्पादक संगठन, कृषि में वित्तीय समावेश, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड फसली ऋण, नाबार्ड एवं बैंकों की योजनाओं से लाभ एवं फायदे के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिये किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें जिससे प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई हो सके

तकनीकी सत्र में डा0 मदनसेन सिंह, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक शुआट्स नैनी प्रयागराज द्वारा उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाने पर विस्तुत चर्चा करते हुए बताया गया कि सबसे पहले अपनी जमीन को स्वस्थ्य रखने के लिये मिट्टी की जांच कराना आवश्यक है। फसलों की अच्छी पैदावार के लिये जमीन में आर्गेनिक कार्बन की मात्रा 0.8 प्रतिशत होनी चाहिए जो कि अब घटकर 0.2 प्रतिशत तक आ चुका है। जायद की खेती के लिये अपने खेती की तैयारी शुरु कर दें, जिसमें उर्द एवं मूंग की खेती सिंचित जमीन में करके किसान अच्छा मुनाफा कमा सकता है। जिसके लिये किसान को गर्मी में किसान को अपने खेत की गहरी जुताई करनी चाहिए जिससे भूमि में पर्याप्त हवा का प्रवाह, जल अवशोषण क्षमता सुनिश्चित की जा सके। जैविक कार्बन बढ़ाने के लिये खेत में हरी खाद, जैसे सनई, ढैंचा, सड़ी गोबर की खाद, नीम की खली, वर्मी कम्पोस्ट, आदि का प्रयोग करना चाहिए जिससे हमारी मिट्टी की जैविक कार्बन की मात्रा पर्याप्त रहेगी। गर्मी की जुताई पर चर्चा करते हुए इसके महत्व के बारे में बताया गया कि इस विधि का प्रयोग करने से मृदा में हानिकारक कीट नष्ट हो जाते हैं तथा जल धारण की क्षमता में वृद्धि हो जाती है जिसका सीधा प्रभाव फसल के उत्पादन पर पड़ता है। बीज शोधन पर चर्चा करते हुए कृषकों को जानकारी दी गयी कि किसी भी फसल के बीज की बुवाई बीज शोधन करने के पश्चात ही करना चाहिए, क्योंकि बीज शोधन से 15 से 20 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि हो सकती है। डा0 एम0पी0 सिंह वैज्ञानिक के0वी0के0 छाता प्रयागराज ने एफ0पी0ओ0 संवर्द्धन के बारे में जानकारी दी गयी कि एफ0पी0ओ0 संवर्द्धन की तीन अवस्थायें होती है गठन, विकास एवं स्थायित्व की अवस्था। विकास अस्थायित्व तब तक सम्भव नहीं है जब तक किसी संगठन के तत्व या लोग उसी दिशा में एकजुट होकर निर्णय की शक्ति एवं पूर्ण दक्षता के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में सभी चुनौतियों का सामना करते हुए संघर्षरत रहे जब तक कि उस संगठन में लक्ष्य स्वरूप स्थायित्व न प्राप्त हो जाय।

मा0 विधायक सोरांव, श्रीमती गीता पासी जी, प्रयागराज द्वारा बताया गया कि किसान भाई बीज, दवा व कृषि से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मेले के माध्यम से एकत्रित कर खेती से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। श्री आदर्श कुमार, बैंक आफ बड़ौदा प्रयागराज द्वारा के0सी0सी0 एवं ट्रैक्टर लोन के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। किसानों को बैंक द्वारा संचालित वित्तीय सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी, जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड के द्वारा फसल ऋण कैसे लिया जाय। इसके लिये न्यूनतम 5000 रुपये एवं अधिकतम जमीन के अधार पर ऋण लिया जा सकता है, जिसके लिये 160000 रुपये से कम पर कोई जमीन बंधक नहीं की जाती है उससे ऊपर ऋण लेने पर बैंक द्वारा जमीन बंधक रखनी पड़ती है। ऋण को समय से अदा कर देने पर बैंक द्वारा 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाती है। आकस्मिक दुर्घटना होने पर व्यक्ति को 50000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिसकी जानकारी किसानों को प्राप्त होना आवश्यक है। जिससे किसान आवश्यकता पड़ने पर इसका लाभ उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिये किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें जिससे प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई हो सके ।किसानों को तत्काल ऋण के रुप में किसान क्रेडिट कार्ड की कुल ऋण राशि का आधी राशि तत्काल प्राप्त कर सकते हैं। पशुपालन ऋण के लिये भी किसान उन्नत नस्ल के पशुओं के खरीदी के लिये ऋण बैंक से प्राप्त कर सकता है जिसके पास पूर्व में ही पशु उपलब्ध है वह किसान भी पशु ऋण के लिये बैंक में सम्पर्क कर सकता है। ट्रैक्टर लोन के बारे में बताया गया कि अब जिन किसानों के पास जमीन उपलब्ध नहीं है वह भी किसान ट्रैक्टर के लिये लोन ले सकता है।

श्री रमेश चन्द्र सरोज, मुख्य प्रबंधक, बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक प्रयागराज द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जरुरत की क्यों है तथा किसान अपनी अर्जित पूंजी से लाभांस कैसे प्राप्त करें जिसके उन्होंने विभिन्न योजनाएं म्युचुअल फण्ड, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, के लिये आवश्यक दस्तावेज एवं सतर्कता की जानकारी दी। किसानों के लिये प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को भविष्य के लिये पेंशन योजना के रूप में बताया गया कि किसान या अन्य सभी वर्ग के लिये 18 से 70 वर्ष की उम्र तक मात्र 20 रुपये की बीमित राशि से 2 लाख का बीमा करा सकते हैं। इसी कड़ी में किसानों को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए सतर्कता बरतने का सुझाव दिया, जिसमें आवश्यक दस्तावेज ए0टी0एम0 पिन व गोपनीय जानकारी किसी स्थिति में अन्य को साझा न करने का सुझाव दिया तथा इसके लिये संबंधित बैंक से सम्पर्क कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड प्रयागराज द्वारा एफ0पी0ओ0 के गठन, संचालन तथा किसानों को एफ0पी0ओ0 से जुड़ने के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। इसमें एम0ओ0ए0 एवं ए0ओ0ए0 की जानकारी दी गयी एफ0पी0ओ0 में 25 लाख रुपये की सहायता 5 वर्ष के लिये प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये ए0पी0ओ0 में प्रशिक्षण इत्यादि के लिये दी जाती है जबकि इसके पश्चात् 18 लाख रुपये 03 साल के लिये प्रतिवर्ष 6 लाख रुपये प्रबंधक टीम के लिये उपलब्ध कराये जाते हैं, जिनमें बोर्ड के निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इत्यादि के लिये उपलब्ध कराये जाते हैं। श्री अनिल कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा प्रयागराज द्वारा बताया गया कि किसान बैंक ऋण लेने के लिये अपने बनाये गये प्रोजेक्ट की पूर्ण जानकारी जैसे बाजार की उपलब्धता इत्यादि पूर्व में समुचित अध्ययन के पश्चात ही आये जिसमें आपको समझाने और समझने में आसानी हो।

श्री प्रभाशंकर पाण्डेय, पूर्व विधायक प्रयागराज ने गौ आधारित एव जैविक खेती के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। जिसके अन्तर्गत देशी नस्ल की गायों पालने, मोटे अनाज, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभ एवं उससे प्राप्त उत्पाद की गुणवत्ता उसकी महत्ता के बारे में कृषकों को समुचित जानकारी दी।

आज के कार्यक्रम में कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा कृषकों की जानकारी के लिये 60 स्टाल लगाये गये तथा लगभग 1400 कृषकों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, प्रयागराज द्वारा श्रीमती गीता पासी, मा0 विधायक सोरांव, एवं श्री प्रभा शंकर पाण्डेय पूर्व विधायक को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह् भेंट किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री इंदिरा कान्त पाण्डेय, पूर्व उप परियोजना निदेशक, आत्मा प्रयागराज द्वारा किया गया।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी, प्रयागराज द्वारा उप कृषि निदेशक, प्रयागराज की अनुमति से कृषकों, अधिकारियों एवं मीडिया सेल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न



कौशाम्बी मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्राप्त एवं अवशेष धनराशि से कराये गये कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत एसबीएम फेज–2 के अन्तर्गत चिन्हित लाभार्थियों के पक्ष में पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि हस्तान्तरण किये जाने, वित्तीय वर्ष 2022–23 में आईईसीध्प्रचार– प्रसार मद में उपलब्ध धनराशि के व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रशासनिक मद में किये गये कार्य पर विचार–विमर्श उपरान्त समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में वर्ष 2014–15 से अब तक बनाये गये व्यक्तिगत शौचालयों के रेट्रोफिटिंग के लिए पंचायत सहायकों द्वारा शौचालय विहीन ऐसे परिवार (नव सृजित परिवार शामिल करते हुए) जिन्हें व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए योजना का लाभ नहीं दिया गया, ऐसे लाभार्थी जिनके पास सिंगल पिट शौचालय है एवं ऐसे लाभार्थी जिनका शौचालय उपयोग में नहीं आ रहा है, पंचायत सहायक एप्प के माध्यम से ऑनलाइनधडिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, कमी पाये जाने पर लाभार्थी को न्यूनतम 1500 एवं अधिकतम रू0–5000 प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने का प्राविधान हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सहायकों द्वारा अब तक लक्षित परिवार 398689 के सापेक्ष 249258 लाभार्थियों का सर्वेक्षण करा लिया गया है, शीघ्र ही शेष लाभार्थियों का भी सत्यापन शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेंगा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सत्यापन कार्य शीर्ष पूर्ण कराकर मानक के अनुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। डीपीआरओ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के 5 हजार से अधिक जनसंख्या वाले चिन्हित 35 ग्राम पंचायतों के 46 राजस्व ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य कराया जा रहा हैं। बैठक में बताया गया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत गंगा के किनारे अवस्थित ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के लिए शासन के निर्देशानुसार कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि गोबर धन योजना के अन्तर्गत गाम टेंवा एवं बिदांव में बायोगैस प्लॉन्ट इकाई की स्थापना करायी जा रहीं है तथा प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट की इकाई टेंवा एवं पुरखास में स्थापित की जायेंगी।

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 05 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प0 शरीरा पुलिस उ0नि0 जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस द्वारा 05 नफर अभियुक्तों 1. मंजीत चौधरी पुत्र शिव भूषण चौधरी 2. भानू प्रताप गौतम पुत्र महाबीर गौतम 3. कोढ़ऊ प्रजापति पुत्र घसीटे 4. पंकज कुमार प्रजापति पुत्र घसीटे 5. सन्तलाल प्रजापति पुत्र मेवालाल नि0गण रक्सैली थाना प0 शरीरा जनपद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1000 रू0 मालफड तथा जमातलासी के दौरान 310 रू0 बरामद कर मु0अ0सं0 28/23 धारा 13 जूआ अधि0 पंजीकृत किया गया ।

# 20 ली0 अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना कोखराज– पुलिस उ0नि0 चन्द्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अवधेश रैदास पुत्र स्व0 दुर्गा प्रसाद नि0 टीकरडीह थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी के कब्जे से 08 ली0 अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 32ध्23 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्ता का चालान माननीय न्यायालय किया गया। उधर थाना कड़ाधाम– पुलिस उ0नि0 नन्दू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रेम चन्द्र केशरवानी पुत्र स्व0 हीरालाल केशरवानी नि0 बिहामिदपुर देवीगंज थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी के कब्जे से 12 ली0 अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 36/23 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्ता का चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

# चोरी की लूज सिमेन्ट के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.02.2023 को थाना सैनी उ0नि0 आत्मा प्रसाद यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर मौर्य ढाबा ग्राम केसारी के पास से अभियुक्त अनिल कुमार मौर्य पुत्र वसन्त लाल मौर्य निवासी केसारी थाना सैनी जनपद कौशाम्बी के कब्जे से 36 बोरी (छोटी बडी) में नाजायज चोरी की लूज सिमेन्ट बरामद किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0स0 043/2023 धारा 41/411 भादवि पंजीकृत किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के केंद्रीय लाइब्रेरी में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं को लेकर कुलपति को सौंपा गया ज्ञापन

झुग्गी झोपड़ी रिपोर्टर इसरार अंसारी 13 फरवरी प्रयागराज इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली, 400: फीस वृद्धि व कुलपति की अवैध नियुक्ति के खिलाफ चल रहे आंदोलन छात्र नेता अजय यादव सम्राट के अगुवाई में आंदोलन का 937व दिन भी जारी रहा

अनशन स्थल पर छात्रों की एक आपात बैठक हुई जिसमें आम छात्र छात्राएं भी सम्मिलित हुए छात्रों ने लाइब्रेरी में विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी बात को बारी बारी से रखा उसके तत्पश्चात अनशन कारियों ने अनशन स्थल से जाकर कुलपति दफ्तर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया।

छात्रों ने कुलपति से मांग की कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की केंद्रीय लाइब्रेरी सदियों पुरानी लाइब्रेरी है इसी लाइब्रेरी से पढ़कर निकले लोग इस देश का नेतृत्व कर रहे हैं आज भी देश के कोने कोने में और उच्च पदों पर विराजमान हैं महोदया केंद्रीय लाइब्रेरी में जर्नल और अध्ययन सामग्री ना के बराबर है जो है वह भी पुराने जमाने की है लाइब्रेरी किताबों की कमी से जूझ रहा है छात्र छात्राओं को बिना अध्ययन सामग्री के पढ़ाई करने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ कंप्यूटर लैब छात्रों के अनुपात में कंप्यूटर नहीं है कंप्यूटर लैब जो भी कंप्यूटर है वह कहीं न कहीं टेक्निकल रूप से ध्वस्त हो चुके हैं छात्र छात्राओं को बैठने के लिए लाइब्रेरी में पर्याप्त मात्रा में कुर्सी नहीं है, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है जिससे छात्र छात्राओं के पठन–पाठन में काफी व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं कुलपति महोदय से निवेदन है कि शीघ्र अति शीघ्र व्याप्त अनियमितताओं को दुरुस्त कराने का कष्ट करें अन्यथा समस्त छात्र–छात्राएं बड़े आंदोलन करने के बाध्य होंगे

इसकी प्रतिलिपि इसकी प्रतिलिपि महामहिम राष्ट्रपति महामहिम राज्यपाल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शिक्षा मंत्रालय को भेजी गई।।

इस मौके पर छात्र नेता त्र्यंबक नाथ,गोलू पासवान, अभिषेक यादव,जलज यादव, हरेंद्र यादव,मनजीत पटेल शिवबली यादव,मुबाशिर हारून,अनुराग यादव,राहुल पटेल,शैलेंद्र यादव,आलोक तिवारी, प्रियांशु, रिंकू सिंह ,प्रकाश कुंडा,विनीत शर्मा, मान सिंह पटेल,सुधीर यादव,प्रदीप सन्नी कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।।



# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अनुश्रवण करने एवं भ्रमण की डायरी बनाकर उसको प्रतिदिन अद्यतन करते रहने के निर्देश दिए है साथ ही निरीक्षण आख्या भी प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया है। ग्रामीण पाइप्ड पेयजल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने श्रृंगवेरपुर में कराये जा रहे किसान कल्याण केन्द्र के कार्य को तेजी के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है। एसआरएन बाल रोग चिकिसालय के कार्य को भी शीघ्रता के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएससी कोटवा, राजकीय महाविद्यालय सैदाबाद, हण्डिया में लाक्षागृह के निर्माण कार्य, राजकीय महिला छात्रावास, कोरांव में अग्निशमन, धनूपुर में कस्तूरबा गांधी, सहसों किसान कल्याण केन्द्र, पॉलिटेक्निक बारा व फाफामऊ, आईटीआई कोरांव, होम्योपैथिक मेडिकल कालेज सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यो को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा किए गए कार्यों का टीम बनाकर सत्यापन कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बहुजन बाहुल्य बस्तियों में प्रबुद्ध पाठशाला खोले जाने की चर्चा जोरों पर

प्रयागराज 12 फरवरी, बहुजन समाज के पांच से पन्द्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य और बहुजन समाज के उच्च प्राथमिक स्तर तक के बच्चों के शैक्षिक विकास के लिये प्रतिबद्ध प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा यमुनापार की तहसील बारा के अंतर्गत स्थित थाना बारा की ग्रामसभा छिड़िया में श्प्रबुद्ध पाठशालाश खोला गया। प्रबुद्ध पाठशाला में लगभग सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे जिनकी अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय मे मजबूती प्रदान कर उन्हें कुशाग्र बनाने के लिये पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बहुजन समाज के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियोंध कर्मचारियों से प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 04 बजे तक क्लास लेने का आह्वान किया है।

प्रबुद्ध पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज होती रही चली आ रही सत्ताधारी पार्टियां क्या ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और सम्मानजनक रोजगार दे पाने में असफल रही है। आज देश की वर्तमान सरकार सरकारी सिस्टम को खत्मकर सरकारी संस्थानो को निजी हाथों में बेचकर देश को निजीकरण के दलदल में डुबोना यानि देश को अप्रत्यक्ष रूप से गुलाम बनाने की प्रक्रिया में लगी है। आईपी रामबृज ने पूछे जाने पर बताया कि भारत जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। जिस देश मे दूध की गंगा बहती थी क्या उस सम्मान को वर्तमान सरकार पुनः वापस दिला पाएंगे ? प्रबुद्ध पाठशाला अपनी शिक्षा के माध्यम से बहुजन बाहुल्य बस्तियों के बच्चों को कुशाग्र बनाने की प्रक्रिया में लगा है जिसकी चर्चा जोरों पर हो रही है। एक सप्ताह के अन्दर यमुनापार की दौना, पचखरा, इसौटा और सोमवार को छिड़िया जैसे बहुजन बाहुल्य बस्तियों में प्रबुद्ध पाठशाला खोली गयी। छिड़िया ग्रामसभा में प्रबुद्ध पाठशाला गांव के ही स्नातक शिक्षा प्राप्त अनूपा और अनुज तथा अमितेश की देखरेख में संचालित की जाएगी। बच्चों को कुशाग्र बनाकर भारत की खोई हुई विरासत को पुनः वापस दिलाने के साथ साथ देश की अमीरी गरीबी की खाई को समाप्त कर समतावादी प्रबुद्ध भारत राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया के लिये संकल्पबद्ध है।

रामबाबू गौतम, महेश कुमार, चौधरी, धनीराम, राजमणि, सुनील, अशोक कुमार, लालाराम, देवरती, मंजू, पुष्पा, रामकली, रंजीता, रानी देवी, रेखा, सुनीता, राजकुमारी, पुष्पा राय, विजय लक्ष्मी के साथ सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा की

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने सोमवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड से नहर के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नहरों में टेल तक अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे, इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को विद्युत कनेक्शन समय से दिए जाने एवं विद्युत बिल की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने, गोवंश आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से चारा–भूसा इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने के साथ–साथ निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सहभागिता योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक लोगो को जोड़े जाने के लिए कहा है। कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिक स्कूलों में कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष बचे हुए कार्यों को प्राथमिकता पर कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने कितने विद्यालयों में अभी तक विद्युत संयोजन का कार्य नहीं हो सकता है, उसकी सूची कल तक उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने, परिवार नियोजन, हेल्थ एवं वेल्नेस सेंटर के निर्माण कार्यों की प्रगति, आरबीएसके के तहत स्कूलों में बच्चों का परीक्षण कराये जाने की प्रगति, एफआरयू, एम्बुलेंस, जननी सुरक्षा योजना की प्रगति, टीकाकरण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उपरोक्त सभी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया है। पंचायतीराज विभाग के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत भवनों के निर्माण स्थिति तथा ग्राम पंचायतों में हैण्ड पम्पों की क्रियाशीलता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की नियमित अंतराल पर जांच कराये जाने के निर्देश दिए है। समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह, पेंशन योजना, छात्रवृत्ति सहित अन्य योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, परियोजना निदेशक श्री ए0के0 मौर्या, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ज्वाला देवी में सम्पन्न हुआ इण्टरमीडिएट के छात्रों का आशीर्वचन समारोह

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी स0 वि0 में इण्टर कॉलेज सिविल लाइंस के मीडिया प्रभारी जी की विज्ञप्ति के अनुसार सत्र 2022–23 के इण्टरमीडिएट बोर्ड के छात्रों का आशीर्वचन समारोह आज दिनांक 13.02.2023 को विद्यालय प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन,पुष्पार्चन एवं वंदन से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विक्रम बहादुर सिंह परिहार जी कार्यक्रम की प्रस्ताविकी दी। विद्यालय के एकादश के छात्रों ने अपने वरिष्ठ भैयाओं की विदाई हेतु रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम (गीत, भजन) आदि प्रस्तुत किये। द्वादश के छात्रों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाते हुये विद्यालय में बिताये गये पलों को भावुकता पूर्ण तरीके से अपने विचारों के माध्यम से भावाभिव्यक्ति प्रदान की। भैया नितिन तिवारी, भैया भार्गव द्विवेदी, भैया सुशील कुशवाहा एवं अन्य छात्रों के विचारों को सुनकर उपस्थित छात्रों एवं आचार्यों की आँखें नम हो गई। बहन अपूर्वा ने एकल गीत प्रस्तुत किया । प्रधानाचार्य जी ने विदाई समारोह के अपने उद्बोधन में छात्रों को भारत माता के मुकुट की शोभा बताते हुये कहा – ''विद्या भारती से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवा निःसंदेह लुप्त हो रहे भारतीय संस्कारों के मशाल बनेंगे एवं भारत माता को परम वैभव के सिंहासन पर आरूढ़ कराने वाले नायक होंगे ऐसा मेरा विश्वास है।'' उन्होने कहा कि हमें पहुँचना उस मंजिल तक जिसके आगे राह न हो इस भावात्मक पंक्ति को अपने हृदय में आत्मसात करके अपने गुरुजनों के द्वारा दिये गये ज्ञान को हृदयांगम करके संसार के सर्वोत्कृष्ट पद्वी को प्राप्त करें तथा विद्यालय एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ायें। इसी क्रम में शिशु मन्दिर के प्रधानचार्य श्री इन्द्रजीत जी ने कहा कि विद्या भारती के द्वारा बतायें गयें संस्कार , राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव तथा कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया गया है उसको निरन्तर अपने जीवन में यदि सजोये रखेगें तो जीवन में कठिन से कठिन परिस्थिति आने पर वह आपके पथ प्रदर्शन का कार्य करेगें। भैयाओं को उनके वर्ष भर का क्रियाकलाप वाडियों के माध्यम से दिखाया गया।

तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानमंत्री भैया मृदुल बाजपेयी ने अन्त में कहा कि इण्टरमीडिएट के छात्रों का यह विदाई समारोह वस्तुतः विदा का कार्यक्रम नहीं अपितु सामाजिक सरोकारों के साथ जीवन प्रारम्भ करने की शुरूआत है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन विद्यलाय के आचार्य सन्तोष पाण्डेय एवं संजय राय जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में इण्टमीडिएट के छात्रों पर वेदोच्चारण के साथ प्रधानाचार्य एवं आचार्य बन्धुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं आचार्या उपस्थित रहीं।





# जिलाधिकारी ने दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों में अर्न्तनिहित सृजनात्मक क्षमता को सार्वजनिक क्षेत्र में उजागर करने तथा उनकी पहुंच जनसामान्य तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य निधि अंतर्गत उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज के सहयोग से निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों के प्रर्दशन हेतु दिनांक 13 से 15 फरवरी, 2023 तक त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग कला मेला एवं दिव्य शक्ति प्रर्दशन (सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी एवं आर्ट गैनेरी का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी में लगाये गये प्रत्येक स्टॉल पर जाकर दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। जिलाधिकारी ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा इसे और बेहतर करने हेतु प्रोसाहित किया। जिलाधिकारी द्वारा उत्पादों की खरीददारी भी की गयी। आर्ट गैलेरी का अवलोकन करते हुए प्रत्येक पेंटिंग को देखा तथा उनके संदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में जनपद की 18 व अन्य जनपदों की 11 (कुल 29) स्वैच्छिक संस्थाओंधशिक्षण संस्थानों द्वारा 35 स्टाल लगाकर अपनी कलाकृतियों, उत्पादों, तकनीकी नवाचार, चित्रकला का प्रर्दशन एवं जन सामान्य को कलाकृतियों एवं उत्पादों की बिक्री की जा रही है। जिलाधिकारी के समक्ष जनपद में विभाग द्वारा संचालित बचपन डे केयर सेण्टर एवं स्वैच्छिक संस्था–इसराजी देवी शिक्षण संस्थान, प्रयागराज में अध्ययनरत विशेष बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओंधविशेष बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों एवं विशेष अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षित विशेष बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी रचनात्मकता अद्वितीय है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन को एक अच्छी पहल बताया। कहा कि आपके द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता को प्रशिक्षण देकर और बेहतर किए जाने तथा बाजार में बिक्री हेतु एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जिससे कि आर्थिक लाभ के साथ आत्मनिर्भर हो सके। प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रधानाचार्य उत्तर मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज एवं अन्य विभागीय विद्यालयोंध्स्वैच्छिक संस्थाओं कार्यरत अधिकारीध कर्मचारी एवं विशेष बच्चेंध अभिभावक उपस्थित रहे।

## परम पूजनीय महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास जी एवं संजय यादव दैनिक झुग्गी झोपड़ी एवं न्यूज न्यूज को संगम में अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए



स्वामी महाराज से झूसी आश्रम में संजय यादव की टीम जेजे न्यूज बात करते हुए



# उत्कर्ष हत्याकांड में निष्पक्ष जांच के लिए एसीपी को दिया गया ज्ञापन

करछना ( प्रयागराज )

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ० भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र एवं पवन प्रभात हिंदी दैनिक के संपादक पवनेश पवन के पुत्र उत्कर्ष ( छात्र बी टेक द्वितीय वर्ष ) हत्याकांड में संतोषजनक कार्यवाही ना होने के कारण आज सैकड़ों पत्रकारों ने करछना थाने पर धरना दिया जिसमें शाम चार बजे एसीपी करछना धरना स्थल पर आए और उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया एसीपी को ज्ञापन देने से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने ज्ञापन पढ़ कर सुनाया और फिर सैकड़ों पत्रकारों की उपस्थिति में ज्ञापन ए सी पी को दिया गया द्य इसके तत्काल बाद एसीपी महोदय ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया द्य डेढ़ महीने के पश्चात उनके स्थलीय निरीक्षण में उत्कर्ष के परिजन और कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले ही धरने की घोषणा की गई थी और पवनेश पवन संपादक पवन प्रभात आज परिजनों और कई पत्रकारों के साथ प्रातः 10 बजे ही थाने के सामने धरना शुरू कर दिया जिसमें क्रमशः पत्रकारों की संख्या बढ़ती गई और भारी दबाव के चलते एसीपी महोदय को आना पड़ा उन्होंने पुलिस आयुक्त प्रयागराज के नाम संबोधित ज्ञापन को स्वीकार करने के पश्चात निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र , राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय , राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं पवन प्रभात के संपादक पवनेश कुमार पवन , उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल , प्रांतीय प्रवक्ता कमल नारायण शुक्ला, जिला अध्यक्ष प्रयागराज रमाकांत त्रिपाठी , जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव , जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र पांडेय , जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता , महानगर उपाध्यक्ष विकास केलकर , रतन कुमार , शुभम विश्वकर्मा , जिला संगठन सचिव प्रदीप सिंह , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश मिश्र , लालचंद प्रजापति , कमलेश सिंह राजकुमार तिवारी , पंकज कुमार पांडेय , शिव कैलाश भारतीय , दिवाकर पाल , राम बाबू पटेल , विनय कुमार शर्मा , सुशील कुमार यादव , आदित्य कुमार , राजन सिंह , शिवम मिश्रा विकास पांडेय , ननकेश बाबू , गोपी कृष्ण पांडेय , लालता प्रसाद मिश्र , तुषार कांति , रोहित कुमार , राम बाबू द्विवेदी , सत्यम कुमार , सुकेश कुमार , कमलेश पटेल , संजय सिंह , मुदित सिंह , सुनील मिश्रा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए द्य

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

## सम्पादकीय

## कहानी एक आदर्श साहित्यिक और पत्रकार की

नामरू कविराज अमोल मांढरे पत्तारू वाई, जिला रूसतारा,( महाराष्ट्र) मोबाइल नंबररू7709246740 कॉलेज जीवनसे ही साहित्य क्षेत्र में विशेष सहभाग ,बारावी सायन्स से असफल होने के बाद मैंने बीए–मराठी से पदवी प्राप्त की, कॉलेज के बाद बडा संघर्ष किया द्यआज सातारा जिल्हा मध्यवर्ती सहकारी बँक मे नोकरी प्राप्त हुई द्य ये वो बँक हे जिसे पूरे देश मे, एक आदर्श सहकारी बँक में नवाजा गया है !

देश–विदेश में इस बँक की सफलता के कारण, बँक की कार्यप्रणाली का अभ्यास, अनेक सहकारी संस्था विशेष रूप से आगे आकर करती है. पिछले दस बारा साल मे, समाज मे द्विधा समस्या के उपर अपनी बाते ,काव्य और आलेख द्वारा प्रकट किया है द्य व्यसनमुक्ती, असफल विद्यार्थीको प्रेरणा, वृक्ष लागवड, आदर्श गणेश उत्सव, स्पर्धा परीक्षा, विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा, किसान और जवान के प्रति अभिमान मेक इन इंडिया का महत्व, युवक ने महापुरुषों का चरित्र अध्ययन करणा, जहा गाव वहा ग्रंथालय.भारतीय संस्कृती का आदर्श, क्रिकेट सहित और खेलों को भी प्रोत्साहन देना, स्वदेशी का महत्व, हमारी आदर्श पाठशाला.हमारा स्वच्छ निर्मल गाव जैसे विविध विषय पर अपने विचार मत अपनी लेखणी द्वारा प्रकट करने का कार्य किया। अब तक ६० हिंदी और मराठी काव्य संमेलन मे उस्फुर्त सहभाग. अनेक राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित ।

छत्रपती शिवाजी महाराज ,मां तेरे महान उपकार.परराष्ट्र धोरण का अभ्यास , सातारा आकाशवाणी पर जल्द ही कार्यक्रम. असफलता को अपनी जिम्मेदारी मानकर अब कवि और लेखक राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान.महाराष्ट्र के बाद राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, आंतरराष्ट्रीय साहित्य मंच दिल्ली ,छत्तीसगड, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक इन राज्य मे हिंदी साहित्य क्षेत्र मे सक्रिय सहभाग.

हिंदी साहित्य मे अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार. अटल साहित्य सन्मान, काव्यरत्न साहित्य सन्मान, राष्ट्रीय प्रतिभा सन्मान, इन पुरस्कार ने सन्मानित.. अमेरिके मे अपने हिंदी साप्ताहिक मे अनेक साहित्यरचना प्रकाशित. अभी कुछ दिन पहले स्वलिखित वैचारिक मंथन लेखसंग्रह पुस्तक संभाजीनगर महाराष्ट्र मे प्रकाशित., किसनवीर महाविद्यालय के माजी विद्यार्थी. रूप मे मुख्य अतिथी द्वारा सन्मानित. महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग विद्यार्थी वर्ग, ने अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करने के कारण अभिमान प्रकट किया है.

अमोल मांढरे जी संकल्प किया है की, अपने महाराष्ट्र राज्य का प्रबोधन का वारसा, अपनी कलम से पत्रकारितेद्वारा छत्रपती शिवाजी महाराज केआशीर्वाद और प्रेरणा से कायम रखेंगे.भविष्य मे समाज के साहित्य प्रेमी,वरिष्ठो का आशीर्वाद और मित्रपरिवार के साथ निपक्ष और निर्भीड होकर आगे भी समाज प्रबोधन का कार्य जारी रखेंगे.. अपने देश के किसान और वीर जवानों का कर्तव्य और बलिदान का पावित्र्य और आदर्श सभी भारतीय नागरिक मन मे हमेशा रखेंगे. और अपने भारत देश को दुनिया मे विश्वगुरू और बलशाली राष्ट्र के रूप मे जरूर निरंतर पहचान बनायेंगे. धन्यवाद.भारत माता की जय.भारत माता की . जय हिंद.. जय भारत.।

## जमकर मनाईये वैलेन्टाइन डे



आजकल एक फैशन चला है, कुछ खास दिवस मनाने का। कुछ तारीखों में बाँट दिए है एहसासों को। हम इंसान मौजूदा दौर की भागदौड़ी से भरी व्यस्त जिंदगी में से कुछ पल चुराकर अपनों के प्रति प्यार और अपनापन जताना भूलते जा रहे है, उसमें ये खास दिन हमें याद दिलाते है कि हमारे अपना भी कोई है। और हम उन खास दिनों पर अपनों के प्रति सौहार्द भाव जताकर खुशियाँ मनाते है, तो क्या गलत है? पर इन मातृदिवस, पिता दिवस, मित्रता दिवस या फिर वैलेन्टाइन दिवस या बहुत सारे खास दिवस मनाने पर कई सारे लोगों को ऐतराज होता है। उनको ये सब पाश्चात्य संस्कृति या चोंचले लगते है। और कई लोगों का मानना होता है कि एक दिवस काफी नहीं होता, माता–पिता या किसीके भी लिए यूँ शब्दों के जरिए, कार्ड देकर या पोस्ट डालकर जता देना। क्यूँकि उनका अहसान या ऋण एक दिन प्यार जता कर और संवेदना जता कर नहीं उतार सकते। कई सारे लोगों को वेलेंटाइन डे मनाने पर भी ऐतराज होता है, क्यूँ भई क्या गलत है इसमें। आशिक महबूब के प्रति या पति–पत्नी एक दूसरे के प्रति अगर उस दिन अपनी चाहत का इजहार करते है तो इसमें बुराई क्या है? क्या हम हर रोज दिन में पचास बार बोलते है आई लव यू? इस एक दिन भावों को प्रदर्शित करना बंधन को और मजबूत बनाता है। या जो हम प्रेक्टिकली कर नहीं सकते, या कह नहीं सकते उसे लिखकर, फूल देकर या चॉकलेट देकर जता लेते है तो ये एक दिन तो बहुत ही खास होना चाहिए न।मानां कि जिसने आपको पूरी उम्र दी हो उनके लिए एक दिन दिखावा करना काफी नहीं होता। पर ये सारे दिन भले पाश्चात्य संस्कृति की देन हो पर सच कहे तो ये परंपरा बहुत सुंदर और समझने वाली है। हमारे अपनें हमारे लिए ताउम्र कितना कुछ करते है, क्या हम हर रोज बात–बात पर उनको थैंक्स या धन्यवाद बोलते है? या बात–बात पर बहुत अच्छा किया जो आपने मेरे लिए ये किया, नहीं ना? तो ये सारे खास दिन अपनों के प्रति अहोभाव या कृतघ्नता जताने के दिवस होते है। इन खास दिनों पर माँ–बाप और किसीके भी प्रति हम आदर और भावना व्यक्त करते उन्हें स्पेशल फील करवाके ये जता रहे होते है कि उनका हमारी जिंदगी में क्या और कितना महत्व है। या हमारी नजरों में उनके कार्यों की कितनी अहमियत है। भले हम हर रोज नहीं जताते पर आप है तो मैं हूँ, या आपने मेरे लिए जो किया या करते हो उसका मुझे बखूबी ज्ञात है, और उन सारे अहसानों का ऋण मैं भले चुका न पाऊँ पर शब्दों के जरिए, कार्ड देकर या पोस्ट ड़ालकर अपनी भावनाओं द्वारा आपके प्रति अपना ऋण अदा करता या करती हूँ। सच मानिये सामने वाले को बहुत अच्छा लगता है। लगता है कि उनका अपनों के लिए कुछ करना सार्थक रहा। हर किसीको जब अपने काम की कद्र होती है तब गर्व महसूस होता है। तो बस ये सारे खास दिवस जन्मदिन, लग्नदिन या ऐसे किसी भी खास दिन की तरह ही अपनों के प्रति कृतघ्नता जताने के लिए होते है। इन दिनों को जश्न की तरह मनाना चाहिए ये सारे दिन है तो जीवन में खुशियाँ है। यही सारे दिन अपनेपन और परिवार का महत्व समझाते है।तो इस वैलेन्टाइन डे पर किसीको भी अपना वैलेन्टाइन बनाकर मन में छुपे भावों की गठरी खोल दीजिए और जमकर मनाईये वैलेन्टाइन डे। प्यार जताना जिंदगी में जायके का तड़का लगा देता है। सच मानिए प्यार की नींव पर ही जिंदगी थमी है। भावना ठाकर भावु बेंगलोर।

## सामाजिक समरसता बनाम सत्ता लोलुपता



भारत एक बहुआयामी और विविध संस्कृति वाला देश है यहां पर विभिन्न मतावलंबी अपने अपने विचारों मतों सिद्धांतों का ना केवल पालन करते हैं अपितु उन्हें उनके प्रचार प्रसार की भी पूरी आजादी है ।। भारत की संस्कृति सदैव सर्व धर्म समभाव की रही है यहाँ धर्म का आशय केवल निश्चित पूजा पद्धति नहीं बल्कि एक विचार है एक व्यवहार है ।। धर्म संस्कृति का स्वरूप विभिन्न काल खंडों में अलग–अलग रहा ।। यहां पर धर्म को कभी भी संकीर्ण दायरे से नहीं देखा गया महाभारत में तो यहां तक कहा गया ध ाारणात धर्मित्याहु अर्थात जो धारण करने योग्य है वही ध र्म है ।।

यह भारत ही है जहां पर नारियों को धार्मिक परिचर्चा में प्रतिभाग करने का पूर्ण अधिकार था गार्गी मैत्रेयी अपाला घोषा जैसी महिलाएं वैदिक काल में शीर्षस्थ विदुषी महिलाओं में गिनी जाती थी ।। गार्गी तो याज्ञवल्क्य जैसे प्रकांड पंडित से भी शास्त्रार्थ में पराजित करने की सामर्थ्य रखती थीं।। यही नहीं जब विश्व के अन्य देशों में शिक्षा और साक्षरता की चर्चा भी नहीं चल रही थी तब भारत के महिलाएं ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपना झंडा अपना परचम लहरा रही थी इनकी निष्पक्षता कर्तव्य परायणता सत्यनिष्ठा के कारण इन्हें शास्त्रार्थ निर्णायक मंडल में भी शामिल किया जाता था मंडन मिश्र की पत्नी ने न्यायाचार्य की पद का निर्वहन कर यह दर्शा दिया था की महिलाएं विभेद से मुक्त होकर के अच्छा काम कर सकती हैं महिला सम्मान भारतीय संस्कृतिके सिवा अन्यत्र देखने को नहीं मिलता ।धर्म की बात आती है तो ध र्म केवल विचारों परंपरा मर्यादा पूजा पद्धति का अनुसरण करना ही नहीं है अपितु कर्तव्यपरायणता का दूसरा नाम भी कहा है।।वस्तुतरू दायित्वों का समुचित व सम्यक निर्वहन करना भी धर्म की श्रेणी में माना जाता है यही कारण है की पुत्र धर्म मातृधर्म पत्नी धर्म शिक्षक धर्म छात्र धर्म आदि आदि।। फिर ऐसा कौन सा अल्प ज्ञानी व्यक्ति होगा जो इतने सुंदर सामंजस्य से परिपूर्ण धर्म को विदेशी चश्मे से देखने का प्रयास करेगा ।। इतना उदार धर्म जो वसुध ैव कुटुंबकम की बात करता हैं सर्वे भवंतु सुखिनरू जिसके आदत में समाहित हो वह कभी क्या भूल कर विभेद की बात करता होगा ?ऐसी कल्पना करना कोरी बकवास के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता है। कुछ स्वार्थ वादियो ने अपने राजनीतिक इच्छाशक्ति को पूर्ण करने के लिए ऐन केन प्रकारेण सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के लिए सामाजिक गतिरोध उत्पन्न कर देश व प्रदेश का जलाने का घृणित कुकर्म से बाज नहीं आ रहे हैं उनको भारत की शांति सहिष्णुता पसंद नहीं आ रही क्या ये सत्ता लोलुप देश में हिंसात्मक गतिविधियों को बढावा दे करके लाश की राजनीति कर सत्ता हस्तांतरित करना चाहते हैं ? ऐसे लोग कभी रामचरितमानस पर कभी वेद पुराणों पर कभी धर्म संस्कृति पर आक्षेप लगाकर के समाज को ताने बाने को चोटिल कर रहे हैं ।।आने वाला समय ऐसे राजनेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठा है आम जनमानस अब लोगों की गंदी राजनीति से पूरी तरह से वाकिफ हो चुका है अब उनके किसी चाल किसी छल कपट प्रपंच में झूठे झांसे आश्वासन में ना आ करके देश की स्थिरता अमन चौन शांति खुशहाली पसंद करता रहा लोकतंत्र में विचार व्यक्त की आजादी होती है और यही लोकतंत्र की खूबसूरती है लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर जंगली स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती समाज को जलाने की समाज में कटुता वैमनस्य फैलाने अनुमति कीहमारा संविधान इजाजत प्रदान नहीं करता।। राजनेताओं को यह समझना होगा यह देश आम जनमानस की भावनाओं और विचारों के अनुसार चलेगा ना कि राजनीतिक चश्में से ।।

हाल ही में बिहार के शिक्षा मंत्री व उत्तर प्रदेश के समाजवादी नेता ने रामचरितमानस की एक चौपाई के आधार पर पवित्र ग्रंथ की आलोचना की ।। आखिर ऐसा करके वह कौन सा संदेश देना चाहते हैं रामचरितमानस जो सामंजस्य और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाता है जिसमें नारी बंदना की गई है इसमें सभी धर्मों और वर्णों के प्रति एक अच्छा व्यवहार किया गया है कुछ एक शब्दों को पाठ्यांतर कर उसे जलाना अपमानित करना किसी रूप में अनुशासित राजनीति नहीं हो सकती । आखिर वे कौन से लोग हैं और उनकी नीति और नियत क्या है ?वे संस्कृति धर्म ग्रंथों को अपमानित क्यों कर रहे हैं? एक ऐसे धर्म को जहां पर जाति व्यवस्था है ही नहीं जहां पर वर्ण व्यवस्था थी और और यह वर्ण व्यवस्था वंशानुगत कतई नहीं थी तो फिर रामचरितमानस जैसे ग्रंथ जो की लोकप्रियता के अद्वितीय मुकाम पर हैं,जो समावेशी संस्कृति का संदेश दे रहा जिसके प्रति जन आस्था है जिसे सनातनी ही नहीं अपितु विदेशी भी बड़े प्रेम से पठन करना पसंद करते हैं ऐसे धर्म ग्रंथ को अपमानित करने वाले किसी भी रूप में देशभक्त नहीं हो सकते सत्यदेव तिवारी सत्येन्द्र।

## लघु कथा



झीतरा मौसम चाहे जैसा हो झीतरा सदैव एक सा रहता। अधर्नग्न कूल्हे पर लंगोटी और बदन पर हाथ भर कपड़ा बस उसके अतिरिक्त उसे क्या चाहिए। बचपन से आज तक इसी तरह रहने वाला झीतरा पसीना बहा खूब श्रम कर लगा रहता है खेत में। खेत खलिहान और झोपड़ी इन्ही के बीच गुजार देता है वह जिन्दगी। कभी कभी उस के आंगन में आ धमकते कोई शहरी बाबू पटवारी, ग्रामसेवक मोटरसाइकल दौड़ते।

अनपढ़, अज्ञान झीतरा भयभीत सा खड़ा हो जाता हाथ जोड़कर। अपनी खटिया उसके आदर सम्मान में लगा वह बैठ जाता है नीचे उनके चरणों में और उनके आदेश पर दौड़ जाता है मिलों दूर किसी भी काम के लिए । पता नहीं शहरी बाबू ने उसका किस किस तरह से कितना शोषण किया, कितने झूठे आश्वासन दिए पर उसने कभी कोई शिकायत नही की, वह हमेशा गूंगा बना रहा

हां उसी झीतरा को पीपल के पड़े के नीचे खामोश बैठे पत्थर के रामदेव जी के आगे मैने चीखते और चिल्लाते और कभी कभी रोते भी देखा है, वहां भी वह अपने लिए नहीं, अपने मासूम बच्चों की भूख और अपने खेतों की प्यास के लिए भगवान से प्रार्थना करते ही देखा है। पता नहीं उसके पत्थर के भगवान उसकी सुनेगे भी या पत्थर ही बने रहेंगे।

## कुदरत की निःशुल्क भेंट



मैंने महसूस किया अपने जीवन में की जिस वस्तु के पैसे नहीं लगते है उसकी उपयोगिता को हम सही से नहीं समझ पाते है । विपरीत जिसके पैसे लगते उसको हम उपयोगी समझते है भले ही निःशुल्क ज्यादा उपयोगी हो तो भी हम शुल्क देकर आने वाली वस्तु को ज्यादा उपयोगी समझते है । यही चिन्तन आज के समय का मानव को सही गलत से दूर कर रहा है । कुदरत ने हमको शुद्ध हवा , पानी आदि निःशुल्क भेंट किए है ।परन्तु दुःख की बात है की जानते बुझते हुए भी हम इसका सही से उपयोग नहीं कर पा है और उलटा इसको हमने अपने स्वार्थों से दूषित और कर रहे है । इसके इन प्रभाव से हमको नाना प्रकार की बीमारियाँ व रोग आदि उत्पन्न हो रहे है । अदभुत उदाहरण प्रकृति का है जो हमें सिर्फ और सिर्फ देना सिखाती है । बिना किसी स्वार्थ के सिर्फ बांटना सिखाती है । बिल्कुल मॉ की तरह जो सदा से ही अपने बच्चों को निस्वार्थ प्रेम से देना ही जानती है ।जल हमें हर परिस्थिति में ढलना और बाहरी बाधाओं को पार करना सिखाती है ।वायु हमें गतिशील रहना सिखाती है ।पृथ्वी हमें धैर्य रखने और दृढ़ता के शिक्षा देती है ।आग हमें स्वयं में जलकर उष्मा व ऊर्जा प्रदान करने की सीख देती है। आकाश हमें अनंत विस्तार की संभावनाओं के सीख देती है। एकमात्र मनुष्य है जो अपनी इच्छा पूर्ति के लिए स्वार्थ आदि के लिए अक्षम्य अपराध कर रहा है । मिथ्याभिमान में खोद करद्द हृदय धरा का कर रहा है अपना ही नुकसान। ईश्वर का अनुदान समझ कर कुदरत की इस निःशुल्क भेंट का महत्व समझकर जियो और जीने दो को अपनाना है वह भी बिना किसी का नहीं करके नुकसान।

# खेलते समय गहरे गड्ढे में गिरे चार मासूम,दो की मौत

दो घायल बच्चों का चल रहा इलाज,हालत गंभीर। दैनिक दि ग्राम टुडे गोण्डा। जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सतिया के डिघिया मजरे में रविवार को खेलते समय चार मासूम बच्चे गहरे गड्ढे में गिर गये। जहां मिट्टी के नीचे दबकर दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली मनकापुर अन्तर्गत ग्राम सतिया के मजरा डिघिया के पास सड़क निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया था। गांव के चार मासूम बच्चे खेलते हुए उसी गड्ढे में गिर गए। जिससे उनके ऊपर भारी मात्रा में मिट्टी गिर गई और उसके नीचे बच्चे दब गए। बच्चों के चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी प्रयास करके बच्चों को गड्ढे से बाहर निकालकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहां डाक्टरों ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो बच्चों का इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई है।

# आजमगढ़ के युवक ने इंस्टाग्राम पर की दोस्ती




नाबालिक बालिका को लेकर हुआ फुर्र थाना कर्नलगंज क्षेत्र के हुजूरपुर मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय किया गया रवाना। हिंदी दैनिक दि ग्राम टुडे कर्नलगंज, गोण्डा। जिले के एसपी आकाश तोमर द्वारा जनपद गोण्डा में थानों पर पंजीकृत अभियोगों के वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कर्नलगंज पुलिस ने एक नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले दिनेश उर्फ सनी पुत्र राम प्रसाद निवासी निबिहावा थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज था,जिसको हुजूरपुर मोड़ थाना क्षेत्र कर्नलगंज से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# अखिल भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव पवन जायसवाल मनोनीत



गोण्डा प्राप्त विवरण के अनुसार हिंदी दैनिक बदलता स्वरूप के प्रधान संपादक पवन जायसवाल जो लगभग 2 दशक से अधिक पत्रकारिता जगत में रहकर पत्रकारों में लेखनी के प्रति अलख जगाते हुए ईमानदारी व बेदाग छवि से अपने पत्रकारिता में अहम भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। जिनकी कर्मठता व ईमानदारी को देखते हुए अखिल भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव तिवारी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार व उनकी सहमति पर पवन जायसवाल को प्रदेश सचिव के पद पर किया मनोनीत। जिसकी सूचना मिलते ही जनपद के पत्रकारों में खुशी की लहर जाग उठी। पत्रकार बृजेश सिंह, अतुल श्रीवास्तव, रमन श्रीवास्तव, नरेंद्र लाल गुप्ता शिव अकंम ओझा, पंकज भारती, अजय श्रीवास्तव, रमन श्रीवास्तव, रेल परामर्श दात्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, समेत सैकड़ों पत्रकारों ने राजगंगा होटल के प्रोपराइटर व दैनिक बदलता स्वरूप के प्रधान संपादक अपने चहेते पत्रकार पवन जायसवाल को दी ढेरों शुभकामनाएं व बधाइयां।

# इन्वेस्टर्स समिट में व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का अयोजन किया जिसमे देश विदेश के बड़े उद्योगपति ने हिस्सा लिया और बड़े प्रोजेक्ट शुरू करने पर हस्ताक्षर किए। जिसको लेकर पूरे प्रदेश के जनपद में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया।जिसमे कमिश्नर और जिला अधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी, की अगुआई में छोटे व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे चर्चा की और उद्योग व्यापार को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन मंडल ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ इस दौरान,मुख्य विकास अधिकारी,मा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उदबोधन लखनऊ से लाईव प्रसारण सुना गया, आयुक्त देवीपाटन मंडल एमपी अग्रवाल द्वारा निवेश को बढ़ाने हेतु सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरुनमौली,एडीएम सदर सुरेश कुमार सोनी,सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता,और शहर के प्रतिष्ठित व्यापारीगण रहे मुकेश शुक्ला प्रभारी उद्योग व्यापार मंडल शिव वस्त्र भंडार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# सोनभद्र रेलवे स्टेशन से मुंबई मद्रास एवं कोलकाता के लिए सीधे ट्रेन चलाये जाने की मांग



सोनभद्र । भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक एड. पवन कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मांग किया कि सोनभद्र जनपद आदिवासी बहुल एवं वनों से आच्छादित अधिकांश भाग वाला जिला है। यहां आदिवासी, गरीब निवास करते हैं। आज भी देश के प्रमुख शहरों जैसे मुंबई, चेन्नई, सूरत, कोलकाता व बेंगलुरु जाने के लिए कोई ट्रेन सोनभद्र रेलवे स्टेशन से नहीं हैं ! जबकि सोनभद्र जनपद बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है औद्योगिक कल कारखानों से पटा पड़ा है काफी राजस्व जनपद सोनभद्र से सरकार को जाता है किंतु आज तक यातायात , शिक्षा ,स्वास्थ्य आदि में काफी पिछड़ा हुआ है आजादी के इतने वर्षों बाद भी बदहाली के युग में जी रहा है इसलिए भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन मांग करता है कि जनपद सोनभद्र का सोनभद्र रेलवे स्टेशन पर उच्चस्तरीय संसाधनों की व्यवस्था करते हुए देश के मुख्य शहरों मुंबई, सूरत, कोलकाता ,चेन्नई एवं बंगलुरु के लिए सीधे ट्रेन चलाई जाए तथा सिंगरौली से वाराणसी तक पूर्व में चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस बंद है। इसे फिर संचालित किया जाए प्रेस विज्ञप्ति के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल एवं राष्ट्रीय महासचिव मनीष रंजन एडवोकेट व प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे।

# साहित्यकार तेजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में लंदन के पार्लियामेंट हाउस में होगा साहित्यिक कार्यक्रम



मुंबई। आगामी 25 मई 2023 को साहित्य के माध्यम से ब्रिटेन तथा भारत के मध्य सेतु निर्माण करने के उद्देश्य से लंदन में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था श्कथा यूकेश के संस्थापक तेजेंद्र शर्मा एम.बी.ई. इस आयोजन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन में भारत से लगभग 40 प्रतिनिधियों का एक दल शामिल होने वाला है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विविध प्रतिभा के धनी सौम्य स्वभाव वाले सुप्रसिद्ध प्रवासी साहित्यकार तेजेंद्र शर्मा ने लंदन के पार्लियामेंट हाउस में आयोजन होने वाले इस कार्यक्रम के लिए काफी मेहनत की है। तेजेंद्र शर्मा की जन्मभूमि भारत है लेकिन कर्मभूमि लंदन है। तेजेंद्र शर्मा कई वर्षों से लंदन में रहकर भारतीय भाषा, साहित्य सृजन तथा संस्कृति का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। उनका मानना है कि हम भारत देश से जो कुछ भी लेकर आए हैं, उसे भूलने के बजाय लोगों को उससे परिचित कराना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इसी से दोनों देशों के बीच साहित्य तथा संस्कृति का आदान–प्रदान होगा। भारत की सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था शहिंदी अकादमी, मुंबईश तथा ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था श्कथा यूकेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन होने वाले इस कार्यक्रम को श्साहित्य के माध्यम से ब्रिटेन तथा भारत के मध्य सेतु निर्माणश नाम दिया गया है। तेजेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम आयोजन के संदर्भ में अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि श्साहित्य के माध्यम से ब्रिटेन तथा भारत के मध्य सेतु निर्माणश की संकल्पना को लेकर ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में साहित्यिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह आयोजित होने जा रहा है। भारत और ब्रिटेन की दोनों साहित्यिक संस्थाओं ने मिलकर आपसी सहयोग के साथ आयोजन हेतु जो कदम उठाया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस प्रकार के आयोजन से भारत और ब्रिटेन के बीच बेहतर रिश्तों की उम्मीद जगेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन में लंदन के सांसद वीरेंद्र शर्मा की भूमिका अहम है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि भारत तथा ब्रिटेन से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले सभी साहित्य प्रेमियों व प्रतिनिधियो का स्वागत व सम्मान करने हेतु वे स्वयं उपस्थित रहेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से निश्चित ही भारतीय भाषा तथा संस्कृति के प्रचार–प्रसार को एक नई दिशा प्राप्त होगी। इस कार्यक्रम में भारत से अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का निवेदन करते हुए उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक कार्यक्रम में भारत से शामिल होने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हिंदी अकादमी, मुंबई के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पांडेय करेंगे। महाराष्ट्र के शालेय शिक्षण मंत्री दीपक केसरकर, पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, मेजर जनरल. डी. बक्शी, वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी, दैनिक श्प्रवासी संदेशश समाचार–पत्र के संपादक राजेश उपाध्याय, एमएनएस मीडिया नेटवर्क के संपादक सुनील शर्मा, भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त सैनिक कमोडोर बिमन मिस्त्री, हिंदी फिल्म अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर, फिल्म अभिनेता रोहित राज तथा कई सुप्रसिद्ध साहित्यकारों व समाजसेवियों ने इस आयोजन हेतु प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# सुल्तानपुर के रामरती इंटर कॉलेज में संपन्न हुई काव्य गोष्ठी

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में रामरती इंटर कॉलेज द्वारिकागंज सुलतानपुर में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक भूपेंद्रनाथ वर्मा और मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रधानाचार्य डॉ. रामजीत मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रमेश चंद्र शर्मा नंदवंशी और पाठ्य पुस्तक लेखक सर्वेश कांत वर्मा ने कुशल संचालन किया।उक्त गोष्ठी परिषद के जिला अध्यक्ष आशु कवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु के निर्देशानुसार शिक्षा के महत्व विषय पर केंद्रित रही। जिसमें साहित्य की विभिन्न विधाओं द्वारा चर्चा परिचर्चा भी हुई। कवियों ने काव्य पाठ किया। सर्वेश कांत वर्मा सरल ने शिक्षकों के ऊपर–है प्रलय निर्माण जिसकी गोद में, उसी का जीवन बताने जा रहा हूं, मैं कलम को गन बनाने जा रहा हूं–कविता पढ़ी तो बृजेश कुमार वर्मा ने शिक्षा के ऊपर–सफर है सफर को सफर समझ तू। रमेशचंद्र शर्मा नंदवंशी ने–कथनी और करनी का अंतर तुम्हारा है, बस इसी खाई को भरना ही मात्र मकसद हमारा है।प्रधानाचार्य डॉ.रामजीत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 6 सौ वर्ष पहले साहित्यिक महापुरुषों के साहित्य से सीख लेते हुए साहित्य में वैज्ञानिकता लाने की आवश्यकता है और कविता पाठ–फिजा में जो एक खुमारी है, बड़ी खुशियां मनाने की मौसम की तैयारी है, किया। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए सुदृढ़ शिक्षा व्यवस्था कायम रखने का संकल्प दोहराया। राजबहादुर राना ने –फागुन मस्त महीना मौसम जो ऋतुराज कहाता है, कविता पढ़ी। अध्यक्षीय संबोधन में प्रबंधक भूपेंद्रनाथ वर्मा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए आभार ज्ञापित कर गोष्ठी का समापन किया।गोष्ठी में मनोज वर्मा, राजेंद्र यादव, विनोद गुड्डू,सुशील मिश्रा, सुधीर मिश्रा, मोनू यादव, तुषार आदि गणमान्य लोगों की उपस्थित गौरवपूर्ण रही।




# अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त हीरालाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 1100 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त– 01. हीरालाल पुत्र रामदास नि0 लकडमंडी महेसपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा। पंजीकृत अभियोग– 01. मु०अ०सं०– 69 2023 धारा 8 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना नवाबगंज जनपद गोंडा बरामदगी– 01. 1 किलो 100 ग्राम अवैध गाँजा गिरफ्तार कर्ता– उ0नि0 अभिषेक पाण्डेय मय टीम।

# बैनामा दो बीघा, दबंगो ने कब्जा किया आठ बीघा भूमि

बैनामा, वरसीयत नामा या फर्जी अभिलेखों का बनना थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो बीघा बैनामा कराने के बाद दबंगों ने छह बीघा और जबरन कब्जा कर लिया गया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से दबंगों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पीड़ित अपनी भूमि व न्याय के लिए दर–दर भटक रहा है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विरहमतपुर का है। पीड़ित असमल ने कहा कि उसके पिता अहमद हुसैन ने नासिरा पत्नी रियासत को दो बीघा भूमि बैनामा किया था। आरोप है कि गांव के प्रधान दबंग भू–माफियाओं ने साठ–गाठ कर दो बीघा के बाद छह बीघा भूमि और बैनामा कराने की बात कहकर पीडित की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। जब पीड़ित खेत में अवैध कब्जा होने से रोका तो खलपट, लड्डन, छांगुर उर्फ एहसान उल्ला,मोहम्मद युनुस, मुस्ताक, किताबुल, इजहार राम नरायण बिंदु ने उसे मारने के लिए दौडा लिया। पीड़ित ने तहसील में जाकर पता किया तो दो बीघा के बाद उसकी अन्य भूमि सुरक्षित है लेकिन दबंगों ने उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसपी को शिकायती पत्र देकर कहा कि भू–माफिया एकजुट होकर उसकी भूमि को जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि तीन बार थाना दिवस और तहसील दिवस में भी न्याय की गुहार लगाई लेकिन उसकी सुनवाई नहीं की गई। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

# सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला

कर्नलगंज,गोण्डा। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत चौदहा मेटुकहा में स्वच्छ भारत अभियान को जिम्मेदार लोग ठेंगा दिखा रहे हैं। यहां बने सामुदायिक शौचालय का अभी तक ताला नहीं खुला है। जिसके टैंक का ढक्कन भी टूट गया है और टंकी ध्वस्त हो चुकी है। जिससे लोगों को सरकार द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है और लाखों रुपए की लागत से बना सामुदायिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।

बताते चलें कि मामला विकास खण्ड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत चौदहा मेटुकहा से जुड़ा है, जहां पर ग्रामीणों को खुले में शौंच करने से छुटकारा दिलाने और उनकी सुविधा हेतु सरकारी धनराशि से सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इसका इसका कभी ताला ही नहीं खुला है। इसी के साथ ही विद्युत केबिल भी सूखे पेड़ पर लटकी हुई दिख रही है। जिससे लोगों को सरकार द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है और लाखों रुपए की लागत से बना सामुदायिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। ऐसे में गंभीर सवाल यह उठता है कि आखिर कैसे सच होगा स्वच्छ भारत मिशन का सपना और लोगों को खुले में शौंच करने से कब मिलेगा छुटकारा। वहीं इसका जवाब देने वाला कोई नही है और जिम्मेदार जानबूझकर मौन साधे हुए हैं।

# दीवार बनाने को लेकर दो पक्षो में मारपीटचार लोगों का हुआ चालान

दैनिक दी ग्राम टुडे न्यूज राज करण वर्मा वरिष्ठ पत्रकार अयोध्या भेलसर(अयोध्या)पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरौंडा गांव में दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात में न्यायालय में विचाराधीन आबादी की भूमि पर जबरन दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद होने लगा और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले आई और शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया।वहीँ एक पक्ष के अमरेश कुमार पुत्र तुलसीराम व दूसरे पक्ष से रामशंकर पुत्र रामनाथ को चोटे आई है।

इस संबंध में पटरंगा थानाध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया एक पक्ष के संदीप कुमार अमरेश कुमार पुत्रगण तुलसीराम व दूसरे पक्ष के राम सनेही व राम शंकर पुत्रगण रामनाथ को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर न्यायालय भेज दिया है।

# महिला बीमा अभिकर्ता ने सिपाही हिमांशु पर लगाया बलात्कार का आरोप, अयोध्या कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

दैनिक दी ग्राम टुडे न्यूज राज करण वर्मा वरिष्ठ पत्रकार अयोध्या महिला बीमा अभिकर्ता के साथ सिपाही पर बलात्कार का आरोप, सिपाही हिमांशु के खिलाफ अयोध्या कोतवाली में मुकदमा दर्ज,सिपाही हिमांशु व उसके पिता के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा, पिता पर धमकी देने का दर्ज हुआ मुकदमा, राम जन्मभूमि सुरक्षा ड्यूटी में अयोध्या आया था सिपाही हिमांशु, प्रयागराज के खीरी थाने में तैनात सिपाही हिमांशु, अयोध्या कोतवाली के अशर्फी भवन चौराहे पर स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ बलात्कार, एफआईआर के मुताबिक महिला अभिकर्ता ने हिमांशु पर अप्राकृतिक दुराचार का वीडियो वायरल करने की धमकी देने का भी लगाया आरोप, एफआईआर के मुताबिक दिन में गेस्ट हाउस के कमरे में बंधक बनाकर बाहर से लगाता था ताला, कई दिन तक होता रहा बलात्कार, किसी तरह से होटल से निकली बाहर,पुलिस अधिकारियों को दी सूचना,अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा कर रहे हैं मामले की जांच, जांच के लिए मामला गया था प्रयागराज एसएसपी के पास,प्रयागराज एसएसपी ने मुकदमा दर्ज कर जांच की दिया था आदेश। महिला अभिकर्ता कटक उड़ीसा की है रहने वाली, एफआईआर के मुताबिक बीमा दिलाने के लिए हिमांशु ने बुलाया था अयोध्या।

# अयोध्या के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति अभियान



(दिनेश सिंह द ग्राम टुडे अयोध्या) अयोध्या के समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने हेतु शासन द्वारा जारी महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन 1090, यूपी=112,181,1076 आदि नंबर युक्त पैंपलेट वितरित कर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गली मोहल्लों ,बाजारों, सडकों पर बेवजह घूम रहे लड़कोंध्शोहदों से पूछताछ कर बेवजह इधर–उधर न घूमनें की सख्त हिदायत दी गयी।वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करायें

# अज्ञात कारणों से ट्रक जला

राज करण वर्मा वरिष्ठ पत्रकार मुबारक गंज अयोध्या – रौनाही थाना क्षेत्र के मुबारकगंज गांव स्थित एक ट्रक को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। मामले की सूचना डायल हंड्रेड को चालक वीरेंद्र कुमार ने दी। मामला शनिवार देर शाम का है मुबारकगंज आदि शक्तिपीठ मंदिर से पूरब मुबारकगंज निवासी ट्रक चालक वीरेंद्र कुमार गुरुवार शाम को यूपी 42 ।2093 ट्रक पर लदे माल की डिलीवरी कर लड़की के गोद भराई कार्यक्रम के चलते ट्रक यहां खड़ा कर दिया था। वीरेंद्र कुमार गमीण एन,डी शुक्ला का आरोप है शनिवार लगभग 7:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर ट्रक को आग के हवाले कर दिया जिससे ट्रक का इंजन वह केबिन जल गया सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। चौकी प्रभारी सती चौरा रवीश कुमार यादव ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही।


## आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास


# जनवादी लेखक संघ अयोध्या द्वारा कंचन जायसवाल के कविता संग्रह स्त्रियाँ और सपने का हुआ विमोचन

अयोध्या अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या में जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद के तत्वावधान में रविवार, दिनांक 12 फरवरी, 2023 को संगठन की सदस्य युवा कवयित्री कंचन जायसवाल के कविता–संग्रह 'स्त्रियाँ और सपने' का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार, केदार सम्मान, रघुपति सहाय सम्मान और रूस के पुश्किन सम्मान से सम्मानित देश के वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि कंचन जायसवाल की कविताएँ गम्भीर पाठ की मांग करती हैं। उनकी काव्यदृष्टि में स्त्री–दृष्टि की एक उदात्त भंगिमा मौजूद है। उन्होंने कहा कि पहले संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने कंचन जी की कविताओं में उपस्थित संवेदनशीलता की प्रशंसा की और कहा कि कंचन की कविताओं के शब्द उनके समाज और समय से आते हैं। लखनऊ से आए कार्यक्रम जनवादी लेखक संघ, उ.प्र. के सचिव प्रो. नलिन रंजन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि कविता में स्त्रियाँ यदि सपने देख रही हैं तो यह एक सकारात्मक वक्तव्यहै क्योंकिआधुनिकतावाद ने स्त्रियों की ही नींद सबसे अधिक छीनी है। कंचन जायसवाल अपनी कविता में इस बात को रेखांकित करती हैं कि स्त्री वही है, जिसके भीतर करुणा है। उनकी कविताओं में जो दुःख, मिथकीयता और प्रेम के संदर्भ हैं वे अमूर्त होते हुए भी अत्यंत व्यापक हैं। उनकी कविताओं में जो राजनीतिक स्टेटमेंट हैं वे अत्यंत स्पष्ट हैं। वे स्पष्ट करती हैं कि प्रश्नाकुलता का समाप्त होना जीवन का समाप्त हो जाना है। उनके अनुसार कंचन जी गहरे तादात्म्य से पूरित दृश्य बिम्ब रचती हैं।इस अवसर पर लखनऊ से पधारे जनसंदेश टाइम्स के सम्पादक और वरिष्ठ कवि श्री सुभाष राय ने अपने वक्तव्य में कहा कंचन की कविताएँ अंधेरे के विरुद्ध प्रश्न उठाती कविताएँ हैं। उनकी रोशनी की तलाश निजी नहीं है बल्कि वे समूचे स्त्री समाज के जीवन के अंधेरे को खत्म करना चाहती हैं।कार्यक्रम का संचालन कर रहे जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद के सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि एक सम्भावनाशील युवा कवयित्री के रूप में कंचन जायसवाल की कविताएँ साहित्य के परिदृश्य में एक गहरा हस्तक्षेप हैं। उनकी कविताओं में बुद्ध के जीवन–दर्शन से सामीप्य से प्राप्त करुणा के स्वर से लेकर स्त्री जीवन का अकेलापन, अवसाद और प्रेम की विडम्बनाएँ एक व्यापक फलक पर उपस्थित हैं। इन कविताओं में एक रहस्यात्मक प्रतियथार्थ है जो वास्तविक संसार के दृश्यों से सामग्री ग्रहण कर जैसे अपना एक साहित्यिक मेटावर्स रचता है। इन कविताओं में गहरी उदासी और भावनात्मक अजनबीपन के संकेत स्पष्ट रूप से मिलते हैं, जिनके कारण कंचन की कविताओं की एक अलग काव्यात्मक बुनावट सम्भव हो पाती है। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में वरिष्ठ कवि–आलोचक आर.डी. आनन्द ने कहा कि कंचन जी की कविताओं का पाठ अत्यंत गम्भीर है। उनकी कविताओं में स्त्री निर्मिति का दुःख विकलता के साथ मौजूद है। उनकी कविताएँ निजी पीड़ा और दुःख से गुजरते हुए भी सहज रूप में एक निर्वैयक्तिकता की ओर बढ़ती हैं। बुद्ध की करुणा के समानांतर स्त्री जीवन का अंतर्द्वंद्व कंचन जी की कविताओं में व्यक्त होता है।पुस्तक पर बात करते हुए प्रसिद्ध अवधी कवि आशाराम जागरथ ने कहा कि कंचन जी की कविताएँ अर्थ के विभिन्न संस्तरों से आबद्ध होती हैं। इनकी कविताएँ बहती हुई नदी नहीं हैं बल्कि एक शांत गहरी झील की तरह हैं। इन कविताओं का मूल स्वर पीड़ा का स्वर है।मुजम्मिल फिदा ने अपने वक्तव्य में कंचन जी की कविता के परोक्ष सत्य को गहराई से समझने की बात कही। इस अवसर पर आजमगढ़ से पधारी युवा कवयित्री प्रज्ञा सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्त्री का अपना जीवन ही दुःख का महाकाव्य होता है, उनके दुःख पुरुष संसार के दुःख से अलहदा होता है। कंचन की कविता में स्त्री और दुःख शब्द सतत रूप से आते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम जिस तरह के समाज में जीते आए हैं उसमें स्त्रियों का सपना देखना एक विचित्र बात है। विमोचन के अवसर पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कवयित्री कंचन जायसवाल ने अपनी कविताओं की रचना–प्रक्रिया पर बात करते हुए कहा कि यह मेरा पहला संग्रह है, जिसे पूरा करने में मुझे लम्बा वक्त लगा है। इस संग्रह में स्त्रियों को लेकर कविताएँ तो हैं ही लेकिन उसके साथ राजनीतिक, सामाजिक यथार्थ, स्त्री–पुरुष सम्बन्धों पर भी विभिन्न कविताएँ हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी कई कविताओं का पाठ किया, जिनमें प्रमुखतः 'मैं बुद्ध की धरती से हूँ', 'एक बीता हुआ दिन यादों में', 'स्त्रियाँ और सपने', 'चयन' आदि विभिन्न कविताओं का पाठ किया।इससे पूर्व संगठन के सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने आमंत्रित साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, कलाकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया और अपने वक्तव्य में इस कविता–संग्रह को एक महत्वपूर्ण कृति बताया। उन्होंने कहा कि एक स्त्री के रूप में कंचन जी ने समाज को जिस तरह देखा है और उसके यथार्थ को अपनी कविता में व्यक्त किया है, वह अनूठा और प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन श्री नीरज जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्रांतिकारियों के चित्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत संगठन के सदस्यों नीरज नीर, धीरज द्विवेदी, पूजा, रामदास सरल, अखिलेश सिंह, मालती तिवारी, साधना सिंह एवं जयप्रकाश द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विन्ध्यमणि त्रिपाठी, स्वदेश रश्मि, आर. एन. कबीर,बालकिशन, रामदास यादव, साधना सिंह, उष्मा वर्मा, अर्चना द्विवेदी, रामदास सरल, अखिलेश सिंह, सीताराम वर्मा, कबीर, जेपी श्रीवास्तव, सरोज यादव, अपर्णा यादव, घनश्याम जी, कंचन दुवे, धीरज द्विवेदी, महावीर पाल, राधेरमण सिंह, ममता सिंह, शिवानी सिंह, मो. सलीम, मो. सगीर, सैय्यद सुबहानी, कीर्ति यादव सहित शहर के विभिन्न प्रगतिशील साहित्यकार, बुद्धिजीवी एवं पत्रकार सम्मिलित हुए ।

# अयोध्या में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर रालोद कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा पूर्वक मनाया चौधरी राम सिंह पटेल



,अयोध्या अयोध्या 12 फरवरी2023 रविवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक चौधरी अजित सिंह की 84 वीं जयंती के अवसर पर अयोध्या विधानसभा के ग्राम पंचायत अंजना में बेचूलाल ज्ञान के आवास पर चौधरी अजित सिंह के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा पूर्वक रालोद कार्यकर्ताओं किसानों ने याद किया तत्पश्चात ग्राम प्रधान नन्द कुमार यादव की अध्यक्षता एवं निवर्तमान युवा जिलाध्यक्ष रामशंकर वर्मा के संचालन विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।गोष्ठी को संबोधित करते हुए चौधरी रामसिंह पटेल ने कहा कि चौधरी साहब का समय से पहले हम लोगों के बीच से चले जाना पार्टी गांव गरीब किसान का अपूर्णीय क्षति हुई है उन्होंने किसानों के हित में अनेकों कार्य किए हैं फैजाबाद में भी उन्होंने बीज विधानी केंद्र मसौधा, अयोध्या एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा देने का काम किया था चौधरी साहब कृषि मंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश में कई चीनी मिलों की स्थापना किया था पार्टी 12 फरवरी से 19 फरवरी तक जन जागरण समरसता अभियान चलाएगा। जिसमें राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता गांव में चौपाल लगाकर सरकार की कमियां हजार राष्ट्रीय लोकदल चला जनता के द्वार कार्यक्रम चलाएंगे गांव गांव में चौपाल लगाकर सरकार द्वारा अभी तक गन्ना मूल्य घोषित किए जाने बेसहारा मवेशियों सहित सरकार की तमाम खामियों को उजागर कर जनता से संवाद करेंगे।

कार्यक्रम में एससी एसटी प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष बेचूलाल ज्ञान , करिया राम वर्मा, रामकुमार सिंह, आत्माराम वर्मा, सुग्रीव मौर्य, ओम प्रकाश वर्मा, श्रीराम वर्मा ,वीरेंद्र पांडे , अशोक तिवारी,श्रीनाथ कोरी, जयप्रकाश ज्ञान, विजय प्रकाश ज्ञान, मस्तराम वर्मा, रामचरण मौर्य, राम–लक्ष्मण कोरी, राम भारत निषाद, श्रीमती मीरा देवी, श्रीमती नीलम,आदि महिला पुरुष नौजवान मौजूद ।

# युवक को सर्प ने डसा, जिला अस्पताल रेफर

बांदा। लकड़ी काटते हुए एक युवक को सर्प ने डस लिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। राहगीरों ने उसको उठाया और एंबुलेंस को फोन किया। तब एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु युवक को लाया गया। जानकारी होने पर उनके स्वजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। इलाज कर रहे डॉक्टर दिनेश राजपूत ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सतना मध्य प्रदेश के बरौंधा थाना क्षेत्र के पाथर कछार गांव निवासी मैयादीन का 53 वर्षीय पुत्र छोटेलाल बकरियां चराने के लिए खेतों में गया था वहीं पर कटीले पेड़ को काटने लगा कटीले पेड़ पर कुल्हाड़ी मारने पर पीछे बैठा सर्प बाएं हाथ की उंगली में डस लिया शोर मचाया और रास्ते पर आ गया वहीं बेहोश हो गया जब दोपहर 2:00 बजे राहगीर निकले तब उन्होंने देखा हिलाया ना बोलने पर एंबुलेंस को फोन किया तब एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आयी। उनके घर के स्वजनों को जानकारी मिलने पर वह भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आ गए। गंभीर हालत होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल मे वार्षिक समारोह का आयोजन

बांदा। रविवार को यूरोकिड्स प्री. इंटरनेशनल स्कूल, भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में वार्षिक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे शहर की प्रसिद्ध हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वार्षिक दिवस समारोह में गुरुशरण पनवार प्रोफेसर एवं डीन (बाँदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी) राजेंद्र सिंह एवं हरप्रीत कौर (प्रिंसिपल गुरु राम राय स्कूल) राम लखन कुशवाहा (फाउंडर मेम्बर ) एवं चन्द्रकला (प्रिंसिपल बाबा तालाब सरकारी स्कूल ) आर. एस. साहू (प्रिंसिपल एच. एल. इंटर कालेज) वृंदा जिनाराल (प्रिंसिपल भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी ), कमल यादव कबड्डी कोच, अंकित कुशवाहा (नामित चेयरमैन, भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी), संध्या कुशवाहा (डायरेक्टर यूरोकिड्स–प्री इंटरनेशनल स्कूल), राजेंद्र सिंह (प्रिंसिपल भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज ) सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस समारोह में सभी छात्रों और उनके माता–पिता को आमंत्रित किया गया था। बहुत से अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर विद्यालय का मान बढ़ाया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की वंदना के साथ किया गया। आये हुए अतिथियों को बुके देकर एवं बैच अलंगकरण करके स्वागत किया गया अथितियों ने दीप जलाकर एवं आरती करके कार्यक्रम को प्रारंभ दिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में छोटे–छोटे बच्चो ने अपने मनमोहक नृत्य व नाटक की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। छोटी सी आशा, इतनी सी हसी, रट्टामार क्लेप योर हैंड्स, रोली पोली, बूम–बूम, जम्म जम्प, पापा कहते हैं, वाका वाका उठे सब के कदम चक दे इंडिया, लावनी जैसे गीतों पर बच्चो ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। आये हुए अतिथियों के साथ अभिभावक उनकी प्रस्तुति देखकर तालियाँ बजाते रह गए। बच्चो की जबरदस्त प्रदर्शन को दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन और बहुत प्रशंसा मिली। बच्चो ने "नगाड़ा, मस्सप सोंग " का प्रदर्शन किया और सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया और गणमान्य लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर प्रस्तुति दे रहे अपने बच्चों को देख अभिभावक तालियां बजाते रहे। अंत में प्राइमरी ग्रुप के टीचर्स ने बच्चो के साथ रैंप वाक करके समां बाँध दिया। तीन घंटे से भी अधिक समय तक छात्रों के शानदार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय के फाउंडर मेम्बर राम लखन कुशवाहा ने बच्चों को जीवन में सदा आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। नामित चेयरमैन अंकित कुशवाहा ने बच्चों की नृत्यकला की भरपूर प्रसंशा की। कार्यक्रम के समापन पर डायरेक्टर संध्या कुशवाहा ने सभी को धन्यवाद किया और बच्चो को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन निदा खान एवं अंशिका त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोपल, हिमांशी, रिजवाना प्रीती दुबे, मेहरून निशा, अंशिका त्रिपाठी, शिवि तिवारी, अभिव्यक्ति, शिल्पा कुशवाहा, निशा का विशेष योगदान रहा।



# भारत ने सात साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा




भारत ने महिला टी20 वर्ल्ड कप के अपने ओपनिंग मैच में चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 149 रन बनाए थे। यह टी20 में पाकिस्तान का भारत के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर रहा। बिस्माह मारूफ ने 55 गेंदों में नाबाद 68 रन और आयशा नसीम ने 25 गेंदों में नाबाद 43 रन की पारी खेली। जवाब में भारत ने 19वें ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आखिरी तीन ओवर में भारत को जीत के लिए 28 रन की जरूरत थी। हालांकि, ऋचा और जेमिमा के मन में कुछ और ही था। 18वें ओवर में ऋचा



ने लगातार तीन चौके जड़कर पहले मैच का रुख बदला।

**जेमिमा और ऋचा**

इसके बाद 19वें ओवर में जेमिमा ने तीन चौके जड़कर टीम इंडिया को जीत दिलाई। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर जेमिमा को अर्धशतक के लिए एक रन की जरूरत थी। उन्होंने चौका लगाकर अपना अर्धशतक भी पूरा किया और टीम इंडिया को जीत भी दिलाई। यह जेमिमा के टी20 करियर का 10वां अर्धशतक रहा।

जेमिमा 38 गेंदों में 53 रन और ऋचा 20 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा ने अपनी पारी में आठ चौके लगाए, जबकि ऋचा ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए नाबाद 58 रन की साझेदारी हुई। जेमिमा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

**प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के साथ जेमिमा**

भारतीय टीम अब अगला मैच 15 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है। ग्रुप–बी में इस जीत के साथ टीम इंडिया दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इंग्लैंड की टीम दो अंक और बेहतर रन रेट के साथ शीर्ष पर है। वहीं, पाकिस्तान चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान की टीम 15 फरवरी को आयरलैंड से भिड़ेगी।

भारत द्वारा 150 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल करना महिला टी20 विश्व कप में किसी भी टीम द्वारा दूसरा सबसे बड़ा सफल चेज है। भारत ने इस मामले में वेस्टइंडीज का सात साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वेस्टइंडीज ने 2016 महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 149 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इस लिस्ट में पहले नंबर पर इंग्लैंड की टीम है। उसने 2009 टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 164 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया था।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 149 रन बनाए थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत खराब रही थी। दूसरे ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने जावेरिया खान को हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच कराया। जावेरिया छह गेंदों में आठ रन बना सकीं।

इसके बाद मुनीबा अली और कप्तान बिस्माह मारूफ ने दूसरे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को राधा यादव ने तोड़ा। उन्होंने मुनीबा को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों स्टंप आउट कराया। पूजा वस्त्राकर ने निदा डार को खाता भी नहीं खोलने दिया और ऋचा के हाथों कैच कराया। सिदरा अमीन 11 रन बना सकीं और राधा के गेंद पर कैच आउट हुईं। इसके बाद बिस्माह ने आयशा के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 47 गेंदों में 81 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। बिस्माह ने 55 गेंदों में 68 रन की नाबाद पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने सात चौके लगाए। वहीं, आयशा ने 25 गेंदों में 43 रन की तूफानी पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और दो छक्के लगाए।

आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान ने 58 रन बनाए और कोई विकेट नहीं गंवाया। इस तरह 20 ओवर के बाद पाकिस्तान ने चार विकेट गंवाकर 149 रन बनाए। भारत की ओर से राध ा यादव ने सबसे ज्यादा दो विकेट झटके। वहीं, पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा को एक–एक विकेट मिला।

**बिस्माह और आयशा**

150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत ठीक–ठाक रही। यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को सादिया इकबाल ने तोड़ा। उन्होंने यास्तिका को फातिमा सना के हाथों कैच कराया। यास्तिका 20 गेंदों में दो चौके की मदद से 17 रन बना सकीं। वहीं, शेफाली 25 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। नाशरा संधू ने शेफाली को सिदरा अमीन के हाथों कैच कराया। कप्तान हरमनप्रीत कौर 12 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुईं।

**शेफाली वर्मा**

इसके बाद जेमिमा रॉड्रिग्स ने ऋचा घोष के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। दोनों ने 33 गेंदों में 58 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। पाकिस्तान की ओर से नाशरा संधू ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट झटके। वहीं, सादिया इकबाल को एक विकेट मिला।

भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच अब तक टी20 में कुल 14 मैच खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 11 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि पाकिस्तान की टीम को तीन मैचों में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच पिछले छह टी20 मुकाबले में भारत ने पांच, जबकि पाकिस्तान ने एक मैच जीता है। टी20 विश्व कप में दोनों टीमें सात बार आमने सामने आ चुकी हैं।

**जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत ने जेमिमा को गले से लगा लिया**

इनमें से टीम इंडिया ने पांच मुकाबले जीते हैं, जबकि पाकिस्तान को दो मैचों में जीत मिली। 2012 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को गॉल में और 2016 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को दिल्ली में हराया था। वहीं, भारत ने पाकिस्तान को 2009 टी20 विश्व कप में टॉन्टन में, 2010 में बैसेटेरे में, 2014 में सिलहट में और 2018 में प्रोविडेंस में हराया था।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक डाटा प्रबंधन की दी गई जानकारी



लखीमपुर खीरी कस्ता मंडल कार्यसमिति की बैठक राधा रमणसोना देवी सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि भाजपा जिलामंत्री उमेश शुक्ला राम जी मौर्या ने किया जिसका संचालन मंडल महामंत्री कौशल किशोर बाजपेई ने किया पहले महापुरुषों की तस्वीर पर माला अर्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उमेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा का शासन काल देश का स्वर्णिम काल है देश के प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने भारत देश को नई पहचान मिली है देश विकास के लिए नए आयाम गड़ रहा है सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही हैं निकट भविष्य में और बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा कार्यसमिति की बैठक में मौजूद विवेक दीक्षित मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष कस्ता मंडल सुरेश वर्मा विकास सिंह भदोरिया विधानसभा संयोजक आईटी विभाग रुपेश मिश्रा विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया जितेंद्र बाजपेई उत्तम प्रसाद अवस्थी जितेंद्र शुक्ला उपाध्यक्ष पम्मू सिंह नारायण त्रिवेदी सहित समस्त मंडल पदाधिकारी मौजूद

## हवन पूजन के साथ कोल्ड स्टोर का शुभारंभ

कन्नौज । कन्नौज सदर के पचोर क्षेत्र के अंतर्गत उम्रराय पुरवा में गंगा कोल्ड स्टोर का हर वर्ष की बात इस वर्ष की शुरुआत कोल्ड स्टोर के समस्त स्टाफ व प्रबंधक ने हवन पूजन के साथ मशीन रूम की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया । इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे। आए किसानों को प्रबंध ाक ने स्वागत सत्कार किया और कोल्ड स्टोर के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा किसानों को भंडारण में कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी । हर समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर रहूंगा। गंगा कोल्ड स्टोरेज सभी किसान भाइयों का है । सभी के सहयोग से ही हम यहां तक पहुंचे हैं । इस मौके पर सैकड़ों किसान मौजूद रहे । उपस्थित सभी किसानों को मिष्ठान वितरण किया गया।

## नगर पालिका के टैक्सी व नो वेंडिग जोन बने सफेद हाथी

कन्नौज। गुरसहायगंज नगर पालिका परिषद ने कुछ माह पूर्व एक सघन अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमण मुक्त करने की ठानी थी। लेकिन नतीजा कुछ और ही निकला। विदित हो कि गुरसहायगंज नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने नगर में सघन अभियान पूर्व के महीने में लगाया था । जिसके परिणामस्वरूप नगर को अतिक्रमण मुक्त करने का प्रयास किया गया था। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है । पूरा नगर अतिक्रमण अभियान में तहस नहस हो गया था। किसी की दुकान टूटी तो किसी का आधा घर चला गया तो वही किसी अतिक्रमण की जड़ में आने के बाबजूद भी नही टूटा । उसके बाद चलते फिरते अतिक्रमण के लिये भी कई जगह नो वेंडिग जोन भी बनाये गये । परन्तु नो वेंडिग जॉन कभी नो वेंडिग जोन रहा ही नही । जहां वेंडिग जोन का बोर्ड लगा हुआ है वहा पालिका प्रशासन ने आज तक एक दुकान भी नही लगवा पाई । अपितु नो वेंडिग जोन तिराहा पार्क में दर्जनों दुकाने फल की रेहड़ी लगी हुई है। वही दोसरी ओर नगर के तीन जगह नो पार्किंग बोर्ड लगें लेकिन आज तक कोई डग्गेमार वाहन ने वहां खड़ी करके अपनी सवारी नही भरी। जबकि सबसे व्यस्त स्थान चौराहा मछली बाजार के सामने दर्जनों टेम्पो कन्नौज के लिए डग्गामार टेम्पो जाम लगाए खडे रहेंगे। लेकिन अभी तक इनके विरुद्ध कोईभी एक्शन नगर पालिका प्रशासन ने नही लिया है। इसी तरह नगर के चारो तरफ नो पार्किंग और नो वेंडिग जोन बनाकर पालिका प्रशासन ने अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली थी। लेकिन अपने कर्तव्य का पालङ् नही करा पाए। अब देखना यह है कि इसका पालन कब तक होगा यह तो सीताराम ही जाने।

## लखनऊ चौलेंजर्स 11 ने रेडियस 70 यार्ड को 6 विकेट से दी करारी शिकस्त





रविवार को राजाजीपुरम क्रिकेट ग्राउंड में लखनऊ चौलेंजर्स 11 ने रेडियस 70 यार्ड को 6 विकेट से हराया। लखनऊ चौलेंजर्स 11 के कप्तान हर्षित अवस्थी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले गेंदबाजी करने उतरी लखनऊ चौलेंजर्स 11 की टीम ने विरोधी टीम को 32.4 ओवर में 193 रन पर ऑल आउट कर दीया। जिसमे अक्षित सक्सेना ने हैट ट्रिक के साथ 5 विकेट लिए । अक्षत और सुभ ने 2दृ2 विकेट लिए और हर्षित ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ चौलेंजर्स 11 की टीम ने मात्र 34 ओवर में 4 विकेट देकर 199 रन बनाकर 6 विकेट से मैच अपने नाम किया। चौलेंजर्स 11 की टीम से पहले बल्लेबाजी करने उतरे सलामी बल्लेबाज ज्ञानदीप (नाबाद 102) के सानदार शतक और कप्तान हर्षित अवस्थी का कोई खास प्रदर्शन नही रहा और (00) पर रन आउट हो गए। जिसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए मोहम्मद शमीम (29) और ज्ञानदीप ने 139 की अच्छी पार्टनरशिप के चलते लखनऊ चौलेंजर्स 11 की टीम ने मैच को 6 विकेट से अपने नाम किया। मोहम्मद शमीम के बाद बल्लेबाजी के लिए आए अब्दुल रहीम (10) , अकबर खा(06) और अभिषेक(नाबाद 06) ने अपनी टीम को जीत दिलाने में एहम भूमिका निभाई।

## दो जगह चुनाव लडने पर लगे रोक

भारत ने संसदीय प्रणाली की सरकार की ब्रिटिश वेस्टमिन्सटर प्रणाली अपनाई है। हमारे जन प्रतिनिधित्व कानून में यह अधि ाकार दिया गया है कि कोई व्यक्ति लोकसभा चुनाव, विध ाानसभा चुनाव या फिर उपचुनाव में एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ सकता है। 1996 से पहले दो से अधिक स्थानों पर चुनाव उम्मीदवारी की छूट थी और कोई व्यक्ति कितनी भी सीटों से चुनाव लड़ सकता था। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के मकसद से 1996 में जन प्रतिनिधित्व कानून में संशोधन करके अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने का नियम बनाया गया। मगर इससे भी निर्वाचन आयोग को छोड़ी गई सीटों पर दुबारा चुनाव कराने के लिये बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार दोबारा वही प्रक्रिया शुरू करनी पड़ती है, फिर से पैसे खर्च करने पड़ते हैं। प्रशासन को नाहक अपना तय कामकाज रोक कर चुनाव प्रक्रिया में भाग.दौड़ करनी पड़ती है। आम जनता भी इससे परेशान होती है, इसलिये लंबे समय से मांग की जाती रही है कि इस नियम में बदलाव कर एक उम्मीदवार–एक सीट का सिद्धांत लागू होना चाहिये। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये दो स्थानों से चुनाव लड़ना और जीत जाने के बाद किसी एक स्थान से इस्तीफा दे देना हमारी चुनाव प्रक्रिया की बड़ी खामी है, जिस पर रोक लगाने से लोकतंत्र और मजबूत होगा। चुनाव आयोग को लोक सभा व विधान सभा व नीचे सत्तर पर चुनाव को स्वच्छ और साफ सुथरी राजनीति का निर्माण करने के लिए सजा काट रहें मुजरिमों और दागदार अपराधि ायों को चुनाव लडने पर प्रतिबंध ा लगाया जाए। जिससे भयमुक्त वातावरण स्वच्छ सन्देश दुनिया को जाना चाहिए ताकि मतदाता भयमुक्त वातावरण में मतदान करने के लिए निडर होकर मतदान करें। जिस पार्टी से जो प्रत्यासी जीत हासिल करें औरध स्वार्थ के कारण पैसा लेकर दलबदलुओं नेताओं की सदस्यता रद्द कर आजीवन चुनाव लडने पर प्रतिबंध चुनाव आयोग को लगाने जैसे कठोर कदम उठाया जाना चाहिए। ताकि भारतीय राजनीति को साफ सुथरा और स्वच्छ राजनीति का निर्माण करवाया जाना चाहिए ।आज की राजनीतिक व्यवस्था अपराधियों के इर्द गिर्द घूमती नजर आ रही है। जिससे देश की जनता अपनी आवाज बुलंद करने से डरती है ।राजनीतिक व्यवस्था का बदलाव देश हित में एक नई क्रांति का विगुल चुनाव आयोग के द्वारा किया जाना चाहिए। इस बात का जनमत संग्रह कराने की मांग जननायक कर्पुरी ठाकुर सेवा समिति (ट्रस्ट) जनता के समक्ष प्रस्तुत करती है।

## भगवान शिव भक्तों की हर समय मदद करते हैं कृपा का करें अनुभव दिनेश, कथावाचक ,अयोध्या



अयोध्या ।ग्राम पंचायत धमहर में श्रीमद् कथा भागवत की अमृत वर्षा हो रही है ।कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण जन्म की मनमोहक झांकी सजाई गई। जो उपस्थित भक्तगणों को जमकरआह्लादित किया। कथावाचक व्यास आचार्य दिनेश चंद्र मिश्र ने कहा भगवान सभी भक्तों का हमेशा मदद करते हैं परंतु भक्तगण अपने भाग्य और कर्म के अनुसार फल का रसास्वादन कर पाते हैं।

थाना क्षेत्र हैदरगंज के धाम हर केशवपुर में वहरही अमृत मई कथा भागवत की बयात में क्षेत्रवासियों की अपार भीड़ जुट रही है। कथा के यजमान राम अरज मिश्रा के यहां समारोह पूर्वक आयोजन में पांचवे दिन जन्मोत्सव के भव्य कार्यक्रम में गोमती सिंह ,राजेश सिंह, राजेश यादव, राम प्रसाद पांडे ,रामचंद्र मिश्रा ,मंसाराम यादव ,मुख्य रूप से मौजूद रहे । जय राम मिश्रा, जगन्नाथ तिवारी, शिव मूर्ति वर्मा ,लल्लू दुबे , राम कुमार मिश्रा ,रामतेज वर्मा ,इंसाफ अली दिनेश मिश्रा, ध रुव मिश्रा व्यवस्थापक के रूप में जुटे हैं। कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान अनंद कुमार उर्फ जानी भाई ने बताया की कथा के सातवें दिन होम जग पूजन पाठ के बाद आठवें दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## ग्राम चौपाल के माध्यम से मिलती किसानों को जानकारी गांव की समस्या गांव में समाधान




कन्नौज। जनपद कन्नौज में ग्राम चौपाल का आयोजन कर किसानों को जानकारी देने का काम किया जा रहा है। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में किसानों को ग्राम चौपाल के माध्यम से जानकारी देकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। कन्नौज हसेरन विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हुसैननगर मे ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को विभिन्न सुविधाएं जानकारी एवं समस्याओं का समाधान किया गया। नई तकनीक से खेती करने के के बारे में अवगत कराया गया । पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का निध ाारण किया और कहा कि पीएम किसान केवाईसी एनपीसीआई कराएं जाने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित हसेरन ब्लाक प्रमुख सीमा शाक्य , प्रतिनिधि पुष्पेंद्र शाक्य , ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान राम किशोरी भदौरिया , हसेरन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ा रामचंद्र , पूर्व प्रधान राजेश , कंसुआ ग्राम प्रध ाान सर्वेश सहित किसान दयाराम , इंद्रेश , इंद्रभान , बृजेश , ओमप्रकाश , सतीश , पप्पू राठौर सहित आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

### अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त लोगों की उमड़ी भीड़ पुलिस ने मरम्मत कराए जाने की बात पर लोग हुए शांत

कन्नौज। कन्नौज जनपद मे अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। प्रतिमा क्षतिग्रस्त देख रोड जाम कर दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रतिमा क्षतिग्रस्त देख मरम्मत करवाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। तब जाकर लोग शांत हुए। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के सराय प्रयाग कस्बा के हाईवे किनारे बने अंबेडकर पार्क में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित थी। बीती रात अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने को लेकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया। सुबह होने पर लोगों ने देखा लोगों में आक्रोश दौड़ गया। धीरे–धीरे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जमावड़ा लगते ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। छिबरामऊ क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने बुझाने का काम किया।

**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित

सम्पादक
संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा